हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 4 जून 2026

ALLEN Results Validated by

Official result validator

EY

Shape the future with confidence

ALLEN

JEE ADVANCED 2026

RECORD-BREAKING RESULT

INDIA'S TOP THREE RANKS

SIX STUDENTS IN TOP 10

TWENTY FOUR STUDENTS IN TOP 50





ALL INDIA FEMALE TOPPER

As per result compiled till 02 June 2026 (03:00 PM)

ADMISSIONS OPEN

JEE | NEET | OLYMPIADS | CLASSES 6TH TO 12TH & 12TH PASS

Visit our website or nearest ALLEN centre for test and course start dates.

ALLEN RAIPUR
89513 95440
allen.ac.in/raipur

ALLEN BILASPUR
89513 95460
allen.ac.in/bilaspur

ALLEN BHILAI
90487 77388
allen.ac.in/bhilai

ALLEN KOTA
86906 60111
allen.in

ALLEN ONLINE
95137 36499
allen.in

Any record-related claim is based on last 10 years of JEE Advanced All India results data. As an 'Official Results Validator', EY validates the authenticity of the students' enrolment and engagement with Allen. All result-related claims are based on publicly available information.

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. All the students mentioned are part of paid courses.

ALLEN

ALLEN Results Validated by
Official result validator
EY
Shape the future with confidence

OUR PRIDE
RESULT: JEE ADVANCED 2026
THE TOP 100

AIR 11 Nikunj Agrawal Classroom Course
AIR 12 Aryan Ragupathy Classroom Course
AIR 14 Prince Choudhary Classroom Course
AIR 16 Tanay Agarwal Classroom Course
AIR 18 Riddhesh Bendale Classroom Course
AIR 19 Shaswat Banerjee Classroom Course
AIR 25 Madhav S. Notani Classroom Course
AIR 27 Abhipraya Verma Classroom Course
AIR 29 Bhavesh Patra Classroom Course
AIR 30 Amrit Raj Classroom Course
AIR 32 Mahroof Ahmed Khan Classroom Course
AIR 33 Koustubh Deshpande Classroom Course
AIR 41 Snehal Roy Choudhury Classroom Course
AIR 43 Shaurya Khemka Classroom Course
AIR 44 Yash Yadav Classroom Course
AIR 46 Surya Kanti Ghosh Classroom Course

ONLINE CHAMPION
AIR 52 Yashwardhan Online Classroom Course

AIR 48 Nathan Jais Classroom Course
AIR 50 Keshav Mangal Classroom Course
AIR 55 Parth Maheshwary Classroom Course
AIR 57 Piyush K. Dhakar Classroom Course
AIR 59 Sushant K. Agarwal Classroom Course
AIR 68 Anvesh Patel Classroom Course
AIR 69 Prakhar Sharma Classroom Course
AIR 70 Sneham Palangdar Classroom Course
AIR 71 Praneel Debnath Classroom Course
AIR 72 Nishkarsh Singh Classroom Course
AIR 77 Arohi Deshpande Classroom Course
AIR 79 Badekal V. Krishna Classroom Course
AIR 82 Kovid Boob Classroom Course
AIR 84 Arnav Jain Online Test Series
AIR 85 Aditya G. Wagh Classroom Course
AIR 97 Atishay Jain Classroom Course
AIR 98 Anshu Classroom Course
AIR 99 Ruchit Agrawal Classroom Course

41 STUDENTS IN TOP 100

ALLEN CHHATTISGARH CHAMPIONS

Chhattisgarh Topper
AIR 299 Atharva Thakur Classroom Course

AIR 1131 Naman Agrawal Classroom Course
AIR 1703 Sarthak Mohril Classroom Course
AIR 2016 Gaurav Rohra Classroom Course
AIR 2308 Harshit Dewangan Classroom Course
AIR 2487 Himanshu Sahu Classroom Course
AIR 2695 Atharv Sharma Classroom Course
AIR 3097 Anukarsh Sahu Classroom Course
AIR 3417 Krishna Jobanputtra Classroom Course
AIR 3610 Rohit Singh Parihar Classroom Course
AIR 4196 Sanvi Mittal Classroom Course
AIR 4447 Divyansh Yadav Classroom Course
AIR 4464 Soham Gupta Classroom Course
AIR 5025 Mayank Pati Classroom Course
AIR 5245 Rahul Sharma Classroom Course
AIR 5337 Arush Bansal Classroom Course
AIR 5708 Piyush Sahu Classroom Course
AIR 5983 Paarth Chitlangia Classroom Course
AIR 6438 Darsheel Jain Classroom Course
AIR 6557 Manvi Chaphekar Classroom Course
AIR 6791 Ansh Rai Classroom Course
AIR 7001 Pushpendra S. Rajput Classroom Course
AIR 7983 Shambhavi Vishwakarma Classroom Course
AIR 9132 Naman K. Agrawal Classroom Course
AIR 10046 Harshit Bhatt Classroom Course
AIR 10691 Arham Daga Classroom Course
AIR 10732 Praneesh Mohanty Classroom Course
AIR 11269 Tanisha Choudhary Classroom Course

1 Student in Top 500 AIR
13 Students in Top 5000 AIR
35 Students in Top 15000 AIR
and many more...

A HISTORIC HAT-TRICK OF AIR 1 IN JEE ADVANCED

AIR 1 2026 Shubham Kumar Classroom Course
AIR 1 2025 Rajit Gupta Classroom Course
AIR 1 2024 Ved Lahoti Classroom Course

As per result compiled till 02 June 2026 (03:00 PM)

THEY MADE IT POSSIBLE WITH ALLEN,
NOW IT'S YOUR TURN.

SIGN UP FOR ASAT
GET UP TO 90% SCHOLARSHIP*
TEST DATES 7 & 14 JUNE

ALLEN RAIPUR 89513 95440 allen.ac.in/raipur
ALLEN BILASPUR 89513 95460 allen.ac.in/bilaspur
ALLEN BHILAI 90487 77388 allen.ac.in/bhilai

Any record-related claim is based on last 10 years of JEE Advanced All India results data. As an 'Official Results Validator', EY validates the authenticity of the students' enrolment and engagement with Allen. All result-related claims are based on publicly available information.

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. All the students mentioned are part of paid courses.

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

धधका 5 मंजिला होटल

21 की मौत, इनमें 11 विदेशी

आग और धुएं से बचने के लिए खिड़कियों के शीशे तोड़कर लगाई छलांग, इलाज कराने आए विदेशी भी जिंदा जल गए

दिल्ली के मालवीय नगर इलाके के हौजरानी क्षेत्र में बुधवार सुबह हुए भीषण आग हादसे ने झकझोर कर रख दिया। पांच मंजिला 'फ्लोरिश स्टे बी एंड बी' होटल में बुधवार को आग लग गई। इस भीषण आग ने 21 जिंदगियां निगल लीं। मरने वालों में 11 विदेशी नागरिक भी शामिल हैं, जो दिल्ली के बड़े अस्पतालों में इलाज कराने आए थे। इस हृदयविदारक हादसे ने पूरी राष्ट्रीय राजधानी को झकझोर कर रख दिया है। चारों तरफ मची अफरा-तफरी का आलम रहा। लोग अपनी जान बचाने के लिए खिड़कियों से नीचे कूदे और महिलाओं की 'बचाओ-बचाओ' चिल्लाने की चीखें सुनाई दे रही थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली के आलीशान मॉल और तंग गलियों के बीच बसा मालवीय नगर का हौज रानी इलाका बुधवार की सुबह चीख-पुकार से गूंज उठा। सुबह करीब 8:30 बजे के आसपास जब लोग नींद से जाग ही रहे थे, तब 'फ्लरिश स्टे बीएंडबी' नामक पांच मंजिला इमारत से धुएं का ऐसा काला गुबार उठा जिसने पूरी राजधानी की साख को कालिख पोत दी। इस इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर 'लेमन ग्रीन' नामक रेस्तरां चल रहा था और ऊपर के फ्लोर पर होटल।

दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर इलाके की एक तंग गली में स्थित होटल की आग में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई। इनमें वे विदेशी नागरिक भी शामिल हैं, जिनके बीमार रिश्तेदारों का पास के अस्पतालों में इलाज चल रहा था। आग लगी और देखते ही देखते फैल गई, जिससे लोग स्तब्ध ▶▶| शेष पेज 6 पर

तीनों पार्टनर फरार गैर इरादतन केस दर्ज

हादसे को लेकर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है, जबकि रेस्टोरेंट का मालिक लोकेश बजाज फरार है। लोकेश बजाज के साथ-साथ इस रेस्टोरेंट के दो और पार्टनर हैं, जिनके बारे में पुलिस जानकारी जुटा रही है।

होटल में ठहरे थे विदेशी मेहमान

जांच में पता चला है कि होटल के पास मैक्स हॉस्पिटल होने की वजह से इलाज के लिए आने वाले लोग यहां अक्सर रुकते थे। हादसे के वक्त भी कुछ विदेशी नागरिक होटल में मौजूद थे। आग इतनी तेजी से फैली कि कई लोगों को ऊपरी मंजिलों से नीचे कूदकर ▶▶| शेष पेज 6 पर

आग लगी और देखते ही देखते फैल गई, जिससे लोग स्तब्ध रह गए



40 से ज्यादा को सुरक्षित निकाला

हादसे की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड, पुलिस और एनडीआरएफ-एसडीआएफ टीम मौके पर पहुंची। रेस्क्यू टीमों ने इमारत से 40 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। हालांकि इनमें से 21 लोगों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

हादसे की प्रमुख वजह

- 'फ्लरिश स्टे' के पास केवल 6 कमरों को बीएंडबी योजना के तहत चलाने की अनुमति थी लेकिन 25 कमरे बना रखे थे
- दिल्ली फायर सर्विस के मुताबिक, इस होटल के पास कोई फायर एनओसी नहीं थी। पूरी इमारत में ऊपर जाने और नीचे आने के लिए केवल एक ही संकरा एंट्री और एग्जिट गेट था।



सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹114621/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹139990/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹152813/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
*Conditions apply
anand Jewels
Pandri, Raipur

खबर संक्षेप

आमिर खान फिर से बनने जा रहे हैं दूल्हा

मुंबई। बॉलीवुड के प्रसिद्ध अभिनेता आमिर खान एक बार फिर से सुर्खियों में हैं। उन्होंने अपनी निजी जिंदगी को लेकर मीडिया में चर्चा का विषय बन चुके हैं। आमिर खान, जो कि अब 61 वर्ष के हो चुके हैं, अपनी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट के साथ शादी करने की योजना बना रहे हैं। यह शादी 5 जुलाई को होने की उम्मीद है। हालांकि, कपल की ओर से इस बारे में कोई आधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं की गई है। आमिर और गौरी के बीच की कहानी भी काफी दिलकश है। दोनों की मुलाकात हाल ही में हुई थी।

कुवैत जा रहा एयर इंडिया का विमान कोझिकोड लौटा

कोझिकोड/कोच्चि। कुवैत के हवाई अड्डे पर हुए हमले के बाद, खाड़ी देश के हवाई क्षेत्र को बंद किए जाने के कारण एयर इंडिया एक्सप्रेस का एक विमान बुधवार सुबह कोझिकोड लौट आया, जबकि कोच्चि से बहरीन जाने वाली एक अन्य उड़ान रद्द कर दी गई। एयरलाइन छह जून तक कुवैत के लिए अपनी सेवाएं निलंबित कर सकती है। कुवैत के हवाई क्षेत्र को बंद करने के परिणामस्वरूप, तीन जून को कुवैत जाने वाली हमारी उड़ान कोझिकोड लौट आई।

भारी बारिश से भूस्खलन आवाजाही बाधित

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश में बुधवार को भारी बारिश के कारण कई स्थानों पर भूस्खलन होने से एक महत्वपूर्ण मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बाधित हो गई। अकाजन-लिकाबाली-बामे रोड पर स्थित सिजी, हाथी नाला और ब्रह्मपुत्र व्यू प्वाइंट के वास यातायात बाधित होने की सूचना है। यह सड़क लोअर सियांग, लेपाराडा, पश्चिम सियांग और ऊपरी सुबनसिरी जिलों को जोड़ती है। जिला प्रशासन ने मलबा हटाकर दोपहर तक यातायात बहाल कर दिया। प्रशासन ने लोगों को इस मार्ग का उपयोग करते समय सावधानी बरतने की सलाह दी।

बंधुआ मजदूरी के मुद्दे पर अमेरिका का नया प्रस्ताव

भारत समेत 54 देशों पर 12.5 फीसदी एक्स्ट्रा टैरिफ

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन/नई दिल्ली

अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) ने बंधुआ मजदूरी से निर्मित वस्तुओं के आयात पर प्रतिबंध लागू न करने के आरोप में भारत सहित 54 देशों पर 12.5 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा है। यह प्रस्ताव उन जांच के बाद सामने आया है, जो अमेरिका ने 60 देशों के खिलाफ इस आधार पर शुरू की थी कि वे बंधुआ मजदूरी से बनी वस्तुओं के आयात पर प्रतिबंध लगाने और उसे प्रभावी ढंग से लागू करने में विफल रहे हैं। यह प्रस्ताव ऐसे समय आया है, जब भारत और अमेरिका के अधिकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण को अंतिम रूप देने के लिए नयी दिल्ली में तीन दिन की वार्ता कर रहे हैं। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) ने 1974 के व्यापार अधिनियम की धारा 301 के तहत मार्च में शुरू की गई जांच के बाद यह प्रस्ताव रखा है। यह जांच बंधुआ मजदूरी से जुड़े मुद्दों को लेकर 60 अर्थव्यवस्थाओं के खिलाफ शुरू की गई थी। हालांकि, यूएसटीआर ने स्पष्ट किया है कि यह अभी केवल एक प्रस्ताव है और इस पर अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।

इन पर 10 फीसदी अतिरिक्त आयात शुल्क

यूएसटीआर ने कनाडा, यूरोपीय संघ, इंडोनेशिया, मेक्सिको, पाकिस्तान और इक्वाडोर पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने का भी प्रस्ताव किया है। यूएसटीआर ने कहा कि इन देशों द्वारा बंधुआ मजदूरी से निर्मित वस्तुओं के आयात पर प्रभावी प्रतिबंध नहीं लगाने से अमेरिकी व्यापार प्रभावित हो रहा है और इसलिए यह कार्रवाई धारा 301 के तहत की जा रही है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जैमीसन ग्रीर ने एक बयान में कहा, हमारे सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदारों द्वारा बंधुआ मजदूरी से निर्मित वस्तुओं के आयात पर रोक लगाने में विफल रहना अस्वीकार्य है। इससे ऐसी स्थिति पैदा होती है, जिसमें अमेरिकी श्रमिकों को वैश्विक स्तर पर असमान प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है।

इन देशों पर अतिरिक्त शुल्क की तैयारी

जिन 54 देशों पर 12.5 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क प्रस्तावित है, उनमें भारत, चीन, जापान, बांग्लादेश, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, इजराइल, मलेशिया, न्यूजीलैंड, ओमान, कतर, रूस, सऊदी अरब, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, श्रीलंका, थाइलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन और वियतनाम सहित अन्य देश शामिल हैं।

पूर्व आईएएस बीकेएस रे का निधन

रायपुर। छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी सेवानिवृत्त आईएएस बीकेएस रे का निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे और रायपुर स्थित अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था। उनके निधन की सूचना मिलते ही प्रशासनिक, शैक्षणिक और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। बीकेएस रे भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1972 बैच के अधिकारी थे। उन्होंने अपने लंबे सेवाकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण विभागों में जिम्मेदारियां ▶▶| शेष पेज 6 पर

प्रवर्तन निदेशालय मनी लांड्रिंग एंगल से कर रहा जांच

सीजीपीएससी भर्ती घोटाले में अफसरों के 10 ठिकानों पर ईडी के छापे

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सीजीपीएससी भर्ती घोटाला में राज्य की जांच एजेंसी एसीबी, ईओडब्लू, केंद्रीय एजेंसी सीबीआई के बाद अब ईडी की भी एंट्री हो गई है। ईडी की टीम ने बुधवार तड़के सीजीपीएससी के पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी, जेके ध्रुव और पूर्व परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक व सहायक नियंत्रक ललित गनवीर के ठिकानों पर दबिश दी। जांच एजेंसी की टीम भिलाई के सेक्टर-10 स्थित रिटायर्ड आईएएस जेके ध्रुव के निवास तथा रायपुर स्थित आरती वासनिक के घर पहुंची। चर्चा है कि ईडी की टीम राज्यपाल के पूर्व सचिव अमृत खलखो के भिलाई स्थित घर जांच करने पहुंची थी, लेकिन इसकी अब तक अधिकृत पुष्टि नहीं हुई है। बताया गया कि ईडी की टीम पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी के धमतरी स्थित गृह ग्राम सरबदा पहुंच कर वहां जांच पड़ताल कर रही है। इसके अलावा राजनांदगांव के स्टेशन पारा स्थित ललित गनवीर के घर छापेमारी की गई है। ▶▶| शेष पेज 6 पर

रिश्तेदारों को लाभ पहुंचाने का आरोप

सीबीआई की जांच में आरोप लगाया गया है कि तत्कालीन सीजीपीएससी अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी ने अपने पद का दुरुपयोग कर रिश्तेदारों और परिचितों को लाभ पहुंचाया। आरोप है कि प्रश्नपत्र परीक्षा से पहले कुछ लोगों तक पहुंचाए गए। सीबीआई ने अपनी चार्जशीट में परीक्षा प्रक्रिया में आपसी साठ-गांठ कर पेपर लीक करने का दावा किया है। साथ ही पेपर लीक से जुड़े महत्वपूर्ण साक्ष्य मिलने का दावा किया है। राज्य ▶▶| शेष पेज 6 पर

जुलाई 2024 में दर्ज हुआ था अपराध

राज्य सरकार की अधिसूचना जारी होने के बाद सीबीआई ने 9 जुलाई 2024 को सीजीपीएससी भर्ती घोटाला में एफआईआर दर्ज की थी। आरोप है कि तत्कालीन अध्यक्ष, सचिव और अन्य अधिकारियों ने 2020 से 2021 के बीच भर्ती प्रक्रियाओं की निगरानी के दौरान नियमों को ताक पर रखकर परीक्षाओं और इंटरव्यू को प्रभावित किया, ताकि अपने बच्चों और करीबी रिश्तेदारों का चयन करा सकें।

शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में सजी क्रिकेट और मनोरंजन की महफिल, डिप्टी सीएम अरुण साव रहे मौजूद

रायपुर। शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में बुधवार को छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग का रंगारंग आगाज हुआ। टूर्नामेंट के भव्य उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड की एक्ट्रेस मौनी रॉय ने अपनी लाइव प्रस्तुति से समां बांध दिया। उन्होंने अपने हिट गानों पर जमकर डांस किया। क्रिकेट के साथ बॉलीवुड के इस तड़के ने उद्घाटन समारोह को बेहद खास बना दिया। इस उद्घाटन समारोह में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरुण साव ने अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज कराई। उनके साथ ही आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब, सहित कई अन्य अतिथि भी मौजूद रहे।

खान सर के कोचिंग संस्थान में तोड़फोड़, पथराव

पटना। बिहार की राजधानी पटना में 'खान सर' के नाम से मशहूर शिक्षक फैसल खान के कोचिंग संस्थान में कथित तोड़फोड़ और पथराव के सिलसिले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में एक प्रतिद्वंद्वी कोचिंग संस्थान का निदेशक भी शामिल है। पटना के कदमकुआं थाना क्षेत्र स्थित 'खान ग्लोबल कोचिंग इंस्टीट्यूट' में मंगलवार रात कुछ असामाजिक तत्वों ने कथित तौर पर तोड़फोड़ और ▶▶| शेष पेज 6 पर

मुंबई छोड़ मथुरा आई युवती, पिता ने पुलिस से लगाई गुहार

ढोंगी इंजीनियर बाबा का मायाजाल ऑनलाइन प्रवचन के नाम पर पर यौन शोषण

90 हजार की नौकरी छोड़कर बाबा के चंगुल में फंसी छत्तीसगढ़ की लड़की

एजेंसी ▶▶| मथुरा

उत्तर प्रदेश के मथुरा में ऑनलाइन प्रवचन के नाम पर पढ़ी-लिखी लड़कियों का यौन शोषण करने वाला इंजीनियर बाबा अभिषेक मिश्रा उर्फ आदिकर्ता के कारनामे सुनकर पुलिस भी हैरान हो जा रही है। उसने छत्तीसगढ़ की बीटेक पास एक लड़की को अपने चंगुल में फंसाया। लड़की ने उसके प्रभाव में आकर अपनी 90 हजार की नौकरी छोड़ दी और अभिषेक के साथ मथुरा आकर रहने लगी। लड़की इसके बाद कभी अपने घर वापस नहीं लौटी। परेशान होकर लड़की के पिता ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने बताया कि अभिषेक मिश्रा आईआइटी रुड़की से पासआउट है। वह मुंबई में अच्छी कंपनी में नौकरी करता था। युवती भी उसी के साथ काम करती थी। अभिषेक वहां से नौकरी छोड़कर मथुरा के राधाकुंड में आ गया। कुछ दिन लड़की भी नौकरी छोड़कर उसके साथ रहने मथुरा आ गई।

पिता ने वापस लाने का बहुत प्रयास किया

घरवालों ने बेटी को मनाने का बहुत प्रयास किया पर वह टस से मस नहीं हुई। इसकी वजह से घरवाले परेशान हो गई। हारकर वह पुलिस की शरण में पहुंचे। पिता ने बताया कि उन होंने पुश्तैनी जमीन बेचकर बेटी को इंजीनियर बनाया। बेटी होनहार थी।

मुंबई की कंपनी में हुई थी मुलाकात

29 साल का अभिषेक उर्फ आदिकर्ता नारायण दास मूलरूप से ओडिशा का है। अभिषेक ने आईआईटी रुड़की से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की। पढ़ाई पूरी होने के बाद वह 2023 में मुंबई की किसी कंपनी में नौकरी करने लगा। यहीं पर छत्तीसगढ़ की युवती से उसकी मुलाकात हुई।

दो और युवतियों ने की शिकायत

अभिषेक ने यहां अपना जाल फैलाना शुरू कर दिया। उसने सोशल मीडिया और गूगल मीट के जरिए युवक और युवतियों को जोड़कर ज्ञान का पाठ पढ़ाने लगा और अपने पास बुलाने लगा। इसे बाद उसने तीन और युव तियों को जाल में फंसाया। पुलिस जांच में पता चला कि दो दर्जन से ज्यादा युवक और युवतियां बाबा का महिमामंडन करती थीं। अब वे भी बाबा के खिलाफ हो गई हैं।

चिंतन

अनियोजित निर्माण दे रहे हादसों को न्योता

शहरों में अनियोजित निर्माण लगातार बड़े हादसों को न्योता दे रहे हैं। इसके कारण राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली सहित देश के कई बड़े शहरों में सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है। बुधवार को ही दिल्ली के मालवीय नगर स्थित फ्लरिश स्टे होटल में लगी आग ने एक बार फिर शहरी विकास मॉडल की भयावह सच्चाई सामने ला दी है। इस हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 17 विदेशी नागरिक शामिल थे। इससे दो दिन पहले भी एक इमारत गिरने से 6 लोगों की मौत हो गई थी। आंकड़ों को देखें तो दिल्ली में पिछले 6 महीनों में ऐसी घटनाओं में 70 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। मालवीय नगर में यह केवल आगजनी की घटना नहीं, बल्कि उन खामियों का दर्दनाक परिणाम है जो वर्षों से हमारी प्रशासनिक व्यवस्था, भवन निर्माण प्रणाली और सुरक्षा तंत्र में मौजूद हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जिस होटल में यह हादसा हुआ, उसके पास फायर एनओसी तक नहीं थी। सवाल यह है कि बिना आवश्यक सुरक्षा प्रमाणपत्र के होटल आखिर चल कैसे रहा था? देश के बड़े शहरों में अनियोजित निर्माण अब अपवाद नहीं, बल्कि सामान्य प्रवृत्ति बन चुके हैं। ऐसे हादसे दिल्ली के अलावा मुंबई, हरियाणा, नागपुर और आंध्रप्रदेश में भी हो चुक हैं। जैसे आबादी बढ़ रही है, जमीन सीमित है और मुनाफे की होड़ में नियमों को कागजों तक सीमित कर दिया गया है। नतीजा यह है कि बहुमंजिला इमारतें तो खड़ी हो रही हैं, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था धराशायी होती जा रही है। कहीं आपातकालीन निकास नहीं हैं, कहीं अग्निशामक यंत्र निष्क्रिय पड़े हैं, तो कहीं पानी की पर्याप्त व्यवस्था तक नहीं है। जब तक सब कुछ सामान्य रहता है, ये खामियां दिखाई नहीं देतीं, लेकिन जैसे ही कोई दुर्घटना होती है, इनकी कीमत इंसानी जानों से चुकानी पड़ती है। विडंबना यह है कि जिन भवनों को सुरक्षा मानकों का पालन करना चाहिए, वे स्वयं जोखिम के केंद्र बने हुए हैं। आग लगने की घटनाओं में एक और बड़ी समस्या दमकल विभाग की सीमित क्षमता है। आज शहरों में 10, 15 और 20 मंजिल तक की इमारतें खड़ी हो रही हैं, लेकिन कई स्थानों पर फायर ब्रिगेड के पास सिर्फ 4 से 5 मंजिल से अधिक ऊंचाई तक पहुंचने वाले आधुनिक हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म और स्काईलिफ्ट तक उपलब्ध नहीं हैं। जब आग बहुमंजिला इमारतों में फैलती है, तब बचाव कार्य समय के खिलाफ लड़ाई बन जाता है। संकरी गलियां, अव्यवस्थित पार्किंग और अवैध निर्माण इस लड़ाई को और कठिन बना देते हैं। दमकल की गाड़ियां मौके तक समय पर नहीं पहुंच पातीं और तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। यह समस्या केवल सरकारी तंत्र तक सीमित नहीं है। आम नागरिकों और भवन मालिकों की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। अक्सर लोग अतिरिक्त कमरे बनाने, अधिक किराया कमाने या ज्यादा जगह घेरने के लिए सुरक्षा नियमों की अनदेखी कर देते हैं। आपातकालीन निकास बंद कर दिए जाते हैं, सीढ़ियों पर सामान रख दिया जाता है और बिजली की असुरक्षित वायरिंग को नजरअंदाज किया जाता है। दुर्घटना होने तक किसी को खतरे का एहसास नहीं होता। ऐसे में लोगों को खुद भी जागरूक होना चाहिए, क्योंकि कोई भी आपदा बताकर नहीं आती। यानी बचाव के उपाय पहले से ही किए जाएं तो ऐसी गंभीर आपदाओं से बचा जा सकेगा। इसलिए जवाबदेही तय करनी ही होगी। तभी हम ऐसी विपदाओं से पार पा सकेंगे।

आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

मानसून और कच्चे तेल की चुनौतियां

आम आदमी और किसान से लेकर संपूर्ण अर्थव्यवस्था के सामने कमजोर मानसून से सूखे की आशंका और महंगे कच्चे तेल से महंगाई संबंधी आर्थिक चुनौतियां चिंता का कारण बन गई हैं। 2 जून को संयुक्त राष्ट्र के विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने रिपोर्ट जारी करते हुए बताया है कि इस वर्ष अल नीनो के कारण भारत में मानसून के अत्यधिक कमजोर होने और भीषण सूखे की आशंका है। इससे देश में सामान्य से कम बारिश का खतरा बढ़ गया है। कम बारिश और सूखे के कारण खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित हो सकती है, जिससे खाद्यान्न उत्पादन और महंगाई पर सीधा असर पड़ने की आशंका है।

इन दिनों देश के आम आदमी और किसान से लेकर संपूर्ण अर्थव्यवस्था के सामने कमजोर मानसून से सूखे की आशंका और महंगे कच्चे तेल से महंगाई संबंधी आर्थिक चुनौतियां चिंता का कारण बन गई हैं। हाल ही में 2 जून संयुक्त राष्ट्र के विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने रिपोर्ट जारी करते हुए बताया है कि इस वर्ष अल नीनो के कारण भारत में मानसून के अत्यधिक कमजोर होने और भीषण सूखे की आशंका है। इससे देश में सामान्य से कम बारिश का खतरा बढ़ गया है और इससे देश के कई हिस्सों में लू और भीषण गर्मी की स्थिति पैदा हो सकती है। कम बारिश और सूखे के कारण खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित हो सकती है, जिससे खाद्यान्न उत्पादन और महंगाई पर सीधा असर पड़ने की आशंका है। इसी तरह एक जून को हाल ही में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आयएमडी) ने देश की धड़कन माने जाने वाले दक्षिण-पश्चिम मानसून को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं।

मौसम विभाग ने साल 2026 के मानसून के अपने पुराने अनुमान को और घटा दिया है। पहले जहां आयएमडी ने लॉन्ग पीरियड एवरेज (एलआरए) की 92 फीसदी बारिश होने का अनुमान लगाया था, वहीं अब इसे घटाकर 90 फीसदी कर दिया गया है। इसका सीधा मतलब यह है कि देश में इस साल 'सामान्य से कम' बारिश होने की पूरी आशंका है। अगर मौसम विभाग का यह ताजा अनुमान सच साबित होता है, तो भारत पिछले एक दशक के सबसे सूखे मानसून का सामना करेगा। इससे पहले साल 2015 में भारत में इतनी कम बारिश रिकॉर्ड की गई थी, जब मानसून सामान्य से लगभग 13 फीसदी कम था। चूंकि मानसून के दौरान अल-नीनो की स्थिति मजबूत होने की वजह से बारिश कम होगी। अब अल-नीनो के खतरे और कमजोर मानसून की आशंका से जलाशय के सूखने और खेती के लिए पानी की कमी की चिंता बढ़ गई है। वास्तव में देश के किसानों और कृषि क्षेत्र की चिंताएं बढ़ाने वाला यह परिदृश्य देश के वर्तमान सुकूनदायक कृषि क्षेत्र के समक्ष एक चुनौती बनकर दिखाई दे रहा है।

उल्लेखनीय है कि कमजोर मानसून व सूखे की आशंका के साथ एक बार फिर इसी माह जून की शुरुआत से अमेरिका-ईरान के बीच पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते तनाव और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों की वजह से देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें और बढ़ने की आशंका बनी हुई है। पिछले माह मई 2026 में चार बार पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। पेट्रोलियम मंत्रालय के मुताबिक सरकारी क्षेत्र की तीनों तेल कंपनियों इंडियन आयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम, भारत पेट्रोलियम को संयुक्त तौर पर प्रतिदिन करीब 750 हजार करोड़ रुपये का घाटा हो रहा है और पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ने की आशंका बनी हुई है। साथ ही भारत में महंगाई बढ़ रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार भारत में अप्रैल 2026 में थोक महंगाई बढ़कर 8.3 प्रतिशत और खुदरा महंगाई बढ़कर 3.48 प्रतिशत हो गई है। प्रमुख कंसल्टेसी फर्म ईवाई इंडिया की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम एशियाई संकट के कारण भारत में वित्त वर्ष 2026-27 में महंगाई दर 6 प्रतिशत के ऊपरी स्तर को छू सकती है। एशियाई विकास बैंक के द्वारा

प्रस्तुत रिपोर्ट के मुताबिक इस वर्ष 2026-27 में भारत में महंगाई 6.9 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच सकती है। यह उभरकर दिखाई दे रहा है कि पेट्रोल और डीजल के महंगे होने का सबसे बड़ा असर आम लोगों की जेब पर पड़ने लगा है। निजी वाहन चलाने वालों का खर्च बढ़ गया है। डीजल महंगा होने से ट्रक, बस और माल ढुलाई का खर्च भी बढ़ गया है। इसका असर सब्जियों, फल, दूध और रोजमर्रा के सामानों की कीमतों पर दिखाई देने लगा है। ऐसे में एक ओर कमजोर मानसून और सूखे से निर्मित होने वाली चिंताओं पर ध्यान देना होगा, वहीं दूसरी ओर कच्चे तेल की ऊंची की मतों और महंगाई की चिंताओं पर भी ध्यान देना होगा। ऐसे में अल-नीनो के बढ़ते असर को देखते हुए केंद्र सरकार रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ी है। किसानों को इस बड़े मौसमी संकट से बचाने के लिए सरकार ने 1 जून 2026 से देशव्यापी "खेत बचाओ" अभियान के तहत रणनीतिपूर्वक कदम आगे बढ़ाए हैं। इसके तहत किसानों को उनके इलाके और फसल के हिसाब से खास सलाह (क्रॉप-स्पेसिफिक एडवाइजरी) दी जाएगी, ताकि वे मौसम के जोखिमों को समझकर सही फैसला ले सकें। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सिर्फ जानकारी बांटना नहीं है, बल्कि जमीन पर जाकर किसानों को यह बताना है कि उन्हें कम बारिश या सूखे के खतरे वाले इलाकों में कौन सी फसल बोनी चाहिए, किस फसल की तरफ बदलाव करना चाहिए और उनके पास पारंपरिक खेती के क्या बेहतर विकल्प मौजूद हैं। किसानों को उनके इलाके के मौसम, वहां की मिट्टी और बाजार की मांग के हिसाब से व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया जाएगा। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस कमजोर मानसून और सूखे की आशंका के बड़े संकट से निपटने के लिए सरकार ने एक व्यापक और सहयोगी ढांचा तैयार किया है। इस अभियान में स्थानीय पंचायतों, राज्य सरकारों, कृषि विज्ञान केंद्रों, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थानों और स्थानीय कृषि विभागों को एक साथ जोड़ा गया है। देश के कोने-कोने तक अपनी पहुंच मजबूत करने के लिए 1,600 से ज्यादा विशेष टीमें बनाई गई हैं। इनमें से 500 टीमें विशेष रूप से देश के उन 100 जिलों में तैनात की जाएंगी, जहां रासायनिक खादों की खपत सबसे ज्यादा है। चूंकि वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ रही है, अतएव सरकार के नीतिगत हस्तक्षेप की गुंजाइश सीमित है, लेकिन मौजूदा हालात को देखते हुए सरकार के साथ-साथ उद्योग-कारोबार और हर वर्ग के सभी लोगों के द्वारा हरसंभव तरीके से महंगाई का मुकाबला करने के लिए आगे बढ़ना होगा।

देश के नागरिकों के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा की गई उस अपील पर अमल किया जाना होगा, जिसमें उन्होंने पेट्रोल-डीजल का किफायत से उपयोग करने की जरूरत बताई है। सरकार के द्वारा पेट्रोल में इथेनाल का मिश्रण 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत किया जाना होगा। तेल की मांग में कमी करने हेतु इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) के उपयोग में तेजी लाई जानी होगी। उम्मीद करें कि सरकार संयुक्त राष्ट्र के विश्व मौसम विज्ञान संगठन और भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के द्वारा इस वर्ष 2026 के लिए प्रस्तुत किए गए मौसम अनुमानों के मद्देनजर कमजोर मानसून, अलनीनो और कृषि की बढ़ी हुई लागत संबंधी चुनौतियों से सफलतापूर्वक मुकाबले के लिए बहुआयामी उपायों के साथ आगे बढ़ेगी। साथ ही सरकार कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से भारत में बढ़ती महंगाई से आम आदमी के लिए तात्कालिक राहत और भविष्य में नवीकरणीय ऊर्जा को पेट्रोल-डीजल का विकल्प बनाने जैसे दीर्घकालीन उपायों के साथ रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ेगी। इससे देश के आम आदमी और किसानों सहित संपूर्ण अर्थव्यवस्था लाभांवित होगी।

(लेखक अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

सियासत

महेन्द्र तिवारी

क्या नए राजनीतिक युग की शुरुआत करेंगे अन्नामलाई

तमिलनाडु की राजनीतिक भूमि हमेशा से भारतीय राजनीति के मानचित्र पर एक विशिष्ट और पृथक पहचान बनाए हुए है। देश के अन्य राज्यों के विपरीत यहां राष्ट्रीय विचारधारा वाले दलों की तुलना में क्षेत्रीय अस्मिता और क्षेत्रीय संगठनों का प्रभाव कहीं अधिक गहरा रहा है। बीते अनेक दशकों से द्रविड़ आंदोलन की कोख से निकली राजनीति ने ही इस राज्य की सत्ता की दिशा और दशा को पूरी तरह नियंत्रित और संचालित किया है। इस समय तमिलनाडु के राजनीतिक आकाश में जिस एक नाम को लेकर सबसे अधिक चर्चाएं और कयास लगाए जा रहे हैं, वे हैं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई। पिछले कुछ समय से राज्य के समाचारों और राजनीतिक चर्चाओं में इस बात ने अत्यधिक जोर पकड़ लिया है कि वे अपने वर्तमान दल से नाता तोड़कर एक नए क्षेत्रीय राजनीतिक दल का गठन कर सकते हैं। यद्यपि उन्होंने अभी तक इस विषय में कोई आधिकारिक या स्पष्ट घोषणा नहीं की है, परंतु उनके हालिया वक्तव्य, उनके समर्थकों द्वारा लगाए गए विज्ञापन पत्र, महत्वपूर्ण बैठकों से उनकी दूरी और जमीनी स्तर पर चल रही संगठनात्मक गतिविधियों ने राज्य की राजनीति को एक नए विमर्श की ओर मोड़ दिया है। इस नए राजनीतिक घटनाक्रम की सुगबुगाहट तब और अधिक स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगी जब कोयंबटूर शहर में अचानक कई प्रमुख स्थानों पर उनके समर्थकों द्वारा बड़े-बड़े विज्ञापन पत्र लगाए गए। सामान्य राजनीतिक विज्ञापनों से सर्वथा भिन्न इन पत्रों पर अंकित संदेश ने सभी का ध्यान आकर्षित किया, जिसमें लिखा था कि निडर सोच की कोई सीमा नहीं होती। इस वाक्य को राजनीतिक विश्लेषकों और जनता द्वारा एक बड़े बदलाव के संकेत के रूप में देखा गया। इसके तुरंत बाद जनसंचार के आधुनिक माध्यमों और मुख्यधारा की राजनीति में यह बात तेजी से फैल गई कि वे किसी नए और स्वतंत्र राजनीतिक मंच की आधारशिला रखने की तैयारी कर रहे हैं। उनके इस संभावित कदम को तब और बल मिला जब उनके प्रशंसकों और समर्थकों के संगठन, जिसका नाम अन्नामलाई अन्बू कूट्टम है, उसने अचानक अपनी गतिविधियों को तेज करते हुए नए सदस्यों और पदाधिकारियों को जोड़ना आरंभ कर दिया। इसके साथ ही भीतरखाने से यह समाचार भी आ रहे हैं कि मक्कल शक्ति इयक्कम नाम से एक विशाल जनआंदोलन या सामाजिक संगठन की रूपरेखा तैयार की जा रही है, जो आने वाले समय में एक पूर्ण राजनीतिक दल का रूप धारण कर सकता है। वर्ष 2021 में उन्हें तमिलनाडु में दल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। बहुत ही अल्प समय में वे राज्य की राजनीति का एक अपरिहार्य और चर्चित चेहरा बनकर उभरे। उनकी संवाद शैली अत्यंत सीधी और सीधे प्रहार करने वाली रही है, जिसके कारण उन्होंने वर्तमान द्रमुक सरकार की नीतियों पर लगातार तीखे हमले किए और अपने दल को राज्य में एक स्वतंत्र राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित करने की पुरजोर कोशिश की। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों में यद्यपि उनका दल राज्य में कोई भी निर्वाचन क्षेत्र जीतने में सफल नहीं हो सका, परंतु उनके नेतृत्व में दल का मत प्रतिशत पहली बार दो अंकों तक पहुंचने में कामयाब रहा, जिसे राज्य की राजनीति में एक बड़ी घटना माना गया। इस सफलता का श्रेय मुख्य रूप से उनकी जनसभाओं और उनके द्वारा आयोजित की गई एन मन्न, एन मक्कल नामक व्यापक यात्रा को दिया गया, जिसने उन्हें युवाओं और शहरी मतदाताओं के बीच बेहद लोकप्रिय बना दिया। राजनीतिक क्षेत्र के जानकारों का मानना है कि केंद्रीय नेतृत्व ने भविष्य के गठबंधनों को बचाने और राजनीतिक संतुलन बहाल करने के लिए उन्हें प्रदेश अध्यक्ष के पद से मुक्त करने का निर्णय लिया। इसी क्रम में वर्ष 2025 में उनके स्थान पर नैनार नागेंद्रन को तमिलनाडु में दल की कमान सौंपी गई। पद से हटाए जाने के बाद भी उनके प्रति निष्ठा रखने वाले समर्थकों और युवाओं की संख्या में कोई कमी नहीं आई, बल्कि उनके समर्थकों ने इसे उनकी राजनीतिक स्वतंत्रता के एक नए अध्याय के रूप में देखा। यही कारण है कि जब हाल के दिनों में उन्होंने दल की दो अत्यंत महत्वपूर्ण राज्य केंद्रीय समिति की बैठकों से पूरी तरह दूरी बना ली, तो उनके अलग रास्ते पर जाने की अटकलों को अत्यधिक हवा मिली। वर्तमान समय में तमिलनाडु की राजनीति एक बड़े संक्रमण काल से गुजर रही है। आने वाले कुछ दिन निश्चित रूप से इस बात का निर्धारण करेंगे कि तमिलनाडु का राजनीतिक भविष्य किस करवट बैठने वाला है।

(लेखिक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

आत्मबल पाने ईश्वर के सानिध्य में जाना पड़ता है



संकलित
दर्शन

जब व्यक्ति किसी कार्य को करने चलता है, तो उसके मन-हृदय में बारंबार विचार-भाव उठते हैं कि वह कार्य करें या नहीं, उससे होगा या नहीं और परिणाम भी सफलता और असफलता के रूप में सामने आता है। किसी कार्य को करने के लिए बल की आवश्यकता होती है। इसके बिना उसको गति देना असंभव है। कई बार किसी कार्य को करते समय नाना-प्रकार के संकट उसमें बाधा बन खड़े हो जाते हैं। ऐसे में कोई व्यक्ति उस कार्य को बीच में ही छोड़ देता है। परिणामस्वरूप उसे असफलता हाथ लगती है। असफलता यह सिद्ध करती है कि अमुक कार्य को पूरे मनोयोग से नहीं किया गया। मनोयोग का अर्थ होता है-तन, मन और हृदय से समर्पित होकर किसी कार्य को करना। किसी कार्य में सफल होने के लिए व्यक्ति में मानसिक संतुलन, विश्वास, जिज्ञासा, लगन, संघर्ष करने की क्षमता और तन्मयता जैसे गुणों का होना जरूरी होता है। इनकी प्राप्ति आत्मबल से होती है। आत्मबल की प्राप्ति के लिए ईश्वर के सान्निध्य में जाना पड़ता है। सान्निध्य पाने के लिए ईश्वर का विश्वास आवश्यक है। विश्वास पाने के लिए तप-साधना करनी पड़ती है। चूंकि आत्मबल में ईश्वर की शक्ति निहित होती है, इसीलिए इसे ब्रह्मबल भी कहते हैं। आत्मबल से संपन्न मनीषी के लिए कोई कार्य असंभव नहीं रहता है। उसका कोई कार्य बीच में नहीं रुकता है। जब शरीरबल और मनोबल टूट जाता है तो उस समय आत्मबल सहारा देता है। आत्मबल से युक्त व्यक्ति कभी हताश-निराश नहीं होता है।

साधु संगत से चोर ने चोरी छोड़ी



संकलित
प्रेरणा

एक डाकू था, जो लूट पाट करता था। एक बार एक गांव से धन लूटकर वो भाग रहा था कि घोड़े पर से गिर कर घायल हो गया। उसने देखा पास में ही एक साधू की कुटिया है, धन को जमीन मे गाढ कर वो साधु की कुटिया में गया। साधु रात्रि भोजन के लिए ही बैठे थे। दरवाजे पर दस्तक सुन उन्होंने कहा, जो कोई भी है, अन्दर आ जाओ। डाकू अन्दर गया तो साधु ने उसे भी बैठने के लिए आसन दिया, और पहले उसके समक्ष भोजन परोसा, फिर स्वयं लिया। साधु ने उसे भोजन प्रारम्भ करने को कहा- आप अतिथि है इसलिए आप ईश्वर सामान है, आप पहले भोजन आरंभ करे। डाकू को आजतक किसी ने इतने सम्मान से ना कहा था और ना ही खिलाया था। डाकू ने भोजन किया। साधु ने एक चटाई उसके लिए बिछा दी और कहा रात में आप कहां जाइएगा तो यही विश्राम कर लीजिए। डाकू थोड़ा घायल था, तो चलने में उसे तकलीफ़ हो रही थी, जैसे ही साधु को उसके ज़ख्म का पता चला, उसका उपचार करने लगे। कुछ पत्तो को पीसकर उसका रस लेप करके एक कपड़े से उसके ज़ख्म पर बांधा। और सहारा देकर उसे चटाई पर लिटाया। डाकू साधु की उदारता से बहुत प्रभावित हुआ, उसने कहा, बाबा आप कितने संतुष्ट और उदार व्यक्तित्व के स्वामी है। आप में दया की भावना है। क्या आपको कभी धन की लालसा नहीं होती? साधु बोले- धन तो नश्वर है बालक, और जो चीज नष्ट हो जाए उसके लिए लालसा करना विनाश की ओर अग्रसर होना है।

अंतर्मन



आज की पाती

खेतों की सेहत की फिक्र जरूरी

हाल ही में कृषि मंत्रालय ने 1 जून से 30 जून तक एक बहुत ही अच्छा अभियान 'खेत बचाओ' चलाया है, जिसका मकसद खेतों की उपजाऊ क्षमता को रासायनिक खादों से होने वाले नुकसानों से बचाना भी है। कहते हैं कि जब जागो, तब सवेरा, लेकिन देर तक सोना हमेशा हानिकारक ही होता है। हमारा देश कृषि प्रधान देश है, लेकिन बहुत ही निराशाजनक है कि सरकारों की गलत नीतियों और संबंधित विभागों का कृषि के प्रति ढुलमुल रवैया आज खेतों पर भारी पड़ रहा है। उनकी उपजाऊ क्षमता रासायनिक खादों के कारण कम हो रही है। भूमि बंजर होने की आशंका है। सरकार का बहुत अच्छा प्रयास है कि उसने खेतों की बीमार होती सेहत के लिए खेत बचाओ अभियान चलाया है।

– सतीश मरकाम, जगदलपुर

ट्रेंड

डीके शिवकुमार को बधाई

कर्नाटक के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने पर डीके शिवकुमार को हार्दिक बधाई। उन्हें उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं। केंद्र सरकार जन कल्याण के लिए कर्नाटक सरकार के साथ मिलकर काम करेगी। **-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

लोगों की सेवा करते रहेंगे

कर्नाटक के लोगों ने हम पर भरोसा किया और वह भरोसा हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और मंत्रिपरिषद को हार्दिक बधाई, जो कर्नाटक के लोगों की आकांक्षाओं को आगे बढ़ाएंगे। हम कर्नाटक के लोगों की बात सुनते रहेंगे, उनकी सेवा करते रहेंगे।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

हर पात्र को लाभ मिले

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी और डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता से ही 3,000 रुपये की सहायता राशि देने का वादा पूरा किया गया है। जैसे-जैसे फॉर्म मिलते जाएंगे, उनका सत्यापन किया जाएगा व पैसे खातों में अंतरित किए जाएंगे। हमारा लक्ष्य है कि हर पात्र महिला को यह लाभ मिले।
-शुभेंदु अधिकारी, मुख्यमंत्री, बंगाल

जैविक खेती अपनाएं

मैंने स्वयं जैविक खेती अपनाने का फैसला किया है। मैं चाहती हूं कि दूसरे भी ऐसा ही करें। पहले साल मुझे नुकसान हो सकता है। मैं अपनी जमीन जोतने जा रही हूं। हर साल 12 दिसंबर को मैं मजदूरों के साथ खेतों में गन्ने की कटाई करूंगी।
-पंकजा मुंडे, पर्यावरण मंत्री, महाराष्ट्र

करंट अफेयर

अमेरिकी वैज्ञानिकों पर मंकीपॉक्स वायरस की तस्करी का आरोप



अमेरिका की एक सरकारी प्रयोगशाला के दो वैज्ञानिकों पर अफ्रीका से निष्क्रिय मंकीपॉक्स वायरस की शीशियां देश में तस्करी करके लाने और मिशिगन के एक हवाई अड्डे पर जांचकर्ताओं से झूठ बोलने का आरोप लगाया गया है। प्राधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। डेट्रॉइट की संघीय अदालत में विंसेंट मुंस्टर और क्लॉड क्वे के खिलाफ आपराधिक शिकायत दर्ज की गई। मुंस्टर, मोंटाना के हैमिल्टन स्थित 'रॉकी माउंटेन लैबोरेटरीज' में वायरस पारिस्थितिकी अनुभाग के प्रमुख हैं और क्वे उनके साथ काम करते हैं। मुंस्टर और क्वे को जनवरी में डेट्रॉइट मेट्रोपॉलिटन हवाई अड्डे पर उस समय रोक लिया गया था, जब वे पेरिस से लौटे थे और उससे पहले कांगो गणराज्य में नौ दिन बिताकर आए थे। मध्य अफ्रीका के विशाल देश कांगो में एमपॉक्स बीमारी के प्रकोप के कारण दो हजार से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। हालांकि, करीब दो वर्षों से जारी यह प्रकोप अप्रैल में समाप्त घोषित कर दिया गया था। संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने अदालत में दाखिल दस्तावेज में कहा कि मुंस्टर ने इस बात से इनकार किया था कि वह किसी जैविक सामग्री या नमूने के साथ अमेरिका लौटा है। लेकिन बाद में जांच में पता चला कि दोनों के पास निष्क्रिय मंकीपॉक्स वायरस की शीशियां थीं।

ऑफ बीट

जब बच्चा डर के कारण पीछे हटे, तो माता-पिता क्या करें?

अगर आपका बच्चा कभी स्कूल के खेल दिवस या दौड़ प्रतियोगिता वाले दिन सुबह अड़ियल रवैया अपनाने लगता है, तो आप अकेले नहीं हैं जो इस तरह की चिंता से जूझ रहे हैं। कुछ बच्चों में ऐसे अवसर गहरी चिंता और घबराहट पैदा कर देते हैं। उनके मन में सवाल उठते हैं–अगर मैं सबसे धीमा निकला तो? माता–पिता के लिए ऐसे समय में यह समझना मुश्किल हो सकता है कि क्या किया जाए। बहुत ज्यादा दबाव डालने पर सुबह का माहौल तनावपूर्ण हो सकता है, जबकि बच्चे को छूट देने पर यह चिंता सताती है कि कहीं उसे चुनौतियों से बच निकलना तो नहीं सिखा रहे। ऐसे में क्या कभी बच्चे की इच्छा के अनुसार चलना ठीक है? और अगली बार उसे कोशिश करने का बेहतर अवसर कैसे दिया जाए? जब हम किसी ऐसी चीज से बचते हैं जिससे हमें डर लगता है, तो तुरंत राहत महसूस होती है। यह राहत बहुत असरदार होती है और हमारे मस्तिष्क को यह संदेश देती है कि बचना कारगर रहा। समय के साथ डर और बढ़ जाता है और उससे बचने की प्रवृत्ति भी मजबूत हो जाती है। यह केवल बच्चों के साथ नहीं, बल्कि हम सभी के साथ होता है। इसीलिए सामान्य तौर पर बच्चों के लिए यह बेहतर होता है कि वे अपने डर का सामना जल्द करें, उससे पहले कि उससे बचने की आदत बन जाए।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

प्रोसेस्ड फूड की बढ़ती खपत

हालांकि शहरी जीवनशैली, कम शारीरिक श्रम और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की बढ़ती खपत को मोटापे का प्रमुख कारण माना जाता है, लेकिन अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी यह समस्या तेजी से बढ़ती दिखाई दे रही है। यह बदलाव ग्रामीण जीवनशैली और खान-पान में आ रहे परिवर्तनों की ओर संकेत करता है।

बदलती जीवनशैली की चेतावनी

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-6 के आंकड़े संकेत देते हैं कि छत्तीसगढ़ अब केवल कुपोषण से लड़ने वाला राज्य नहीं रह गया है। बढ़ती आय, बदलती खान-पान की आदतें, शारीरिक गतिविधियों में कमी और पैकेज्ड खाद्य पदार्थों की बढ़ती खपत के बीच ▶▶| शेष पेज 6 पर

कुपोषण और मोटापा साथ-साथ

दिलचस्प बात यह है कि छत्तीसगढ़ में एक ओर जहां मोटापे की समस्या बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर कुपोषण पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-6 के अनुसार 16.1 प्रतिशत महिलाएं अभी भी कम वजन ▶▶| शेष पेज 6 पर

सर्वेक्षण में आंकड़े चौंकाने वाले...छत्तीसगढ़ में मोटी हो रहीं महिलाएं, 25 फीसदी से ज्यादा ओवरवेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

किसी महिला को अगर मोटी कह दिया जाए को यह बैठे-बिठाए अपने सिर आफत लेने का मामला हो सकता है, लेकिन छत्तीसगढ़ में महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-6 रिपोर्ट में यही बात कही गई है कि छत्तीसगढ़ की महिलाएं मोटी हो रही हैं। यह राज्य लंबे समय से कुपोषण और एनीमिया जैसी ▶▶| शेष पेज 6 पर

शहरों में स्थिति ज्यादा गंभीर, गांव भी पीछे नहीं

सर्वेक्षण के आंकड़े बताते हैं कि शहरी क्षेत्रों में महिलाओं के मोटापे की समस्या अधिक गंभीर है। शहरों में 18.2 प्रतिशत महिलाएं मोटापे (बीएमआई 30 या उससे अधिक) की श्रेणी में हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह आंकड़ा 27.6 प्रतिशत ओवरवेट या मोटापे की श्रेणी में दर्ज किया गया है।

स्पीकर ने ऋतब्रत को विपक्ष के नेता के तौर पर दे दी मान्यता

टीएमसी में बड़ी टूट : बागी गुट ने ऋतब्रत को चुना नेता विपक्ष

पश्चिम बंगाल की राजनीति में तृणमूल कांग्रेस के भीतर जारी घमासान अब और तेज हो गया है। निष्कासित और निलंबित नेताओं के बयानों ने पार्टी के अंदर बड़े विभाजन के संकेत दे दिए हैं। टीएमसी के बागी नेता ऋतब्रत बनर्जी ने दावा किया है कि विधानसभा स्पीकर ने उनके 58 विधायक दल वाले गुट की दावेदारी स्वीकार कर ली है। उन्हें इस विधायक दल ने नेता विपक्ष के तौर पर चुना है।

तृणमूल कांग्रेस के भीतर जारी घमासान

ऋतब्रत ने बागी विधायकों को एक जुट कर खोला नया मोर्चा

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

बंगाल विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक की मुसीबतें हर दिन बढ़ती नजर आ रही हैं। ममता की पार्टी में असली टीएमसी के दावे को लेकर जंग तेज है। विधानसभा अध्यक्ष रथींद्रनाथ बोस ने ऋतब्रत बनर्जी को विपक्ष के नेता के तौर पर मान्यता दे दी है। इसके बाद ऋतब्रत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने कहा कि उन्हें 60 विधायकों का समर्थन प्राप्त है।

तृणमूल कांग्रेस से निष्कासित नेता रिताब्रता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा के अध्यक्ष ने विधायक दल के रूप में मान्यता देने संबंधी तृणमूल कांग्रेस के बागी गुट की मांग को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी से इसके मुख्य सलाहकार के रूप में कार्य करने का अनुरोध किया है। यह घटनाक्रम, 58 बागी विधायकों द्वारा तृणमूल से निष्कासित नेता रिताब्रता बनर्जी को विधायक दल के नेता के रूप में समर्थन देने और विधानसभा अध्यक्ष रतींद्र बोस को अपने इस निर्णय से अवगत कराये जाने के बाद हुआ है। विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात के बाद, ▶▶| शेष पेज 6 पर

विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा पत्र

ऋतब्रत बनर्जी ने कहा कि अखरुज्ज़मान को मुख्य सचेतक नियुक्त किया गया है, जबकि वरिष्ठ विधायक जावेद अहमद खान, संदीपन साहा, सबीना यास्मीन और शिउली साहा उप-नेता होंगे। उन्होंने कहा, इन नियुक्तियों की सूचना देने संबंधी पत्र विधानसभा अध्यक्ष को सौंप दिए गए हैं।

ममता को मुख्य सलाहकार बनने का आग्रह

ऋतब्रत ने कहा, हम ममता बनर्जी से अनुरोध करते हैं कि वह तृणमूल कांग्रेस विधायक दल की मुख्य सलाहकार की भूमिका निभाएं। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि असंतुष्ट खेमे का ममता बनर्जी के भतीजे और तृणमूल नेता अभिषेक बनर्जी के साथ बहुत कम राजनीतिक जुड़ाव है।

ऋतब्रत ने और क्या-क्या कहा?

- टीएमसी विधायक दल वही है, जिसके पास दो-तिहाई विधायक हैं।
- दावा किया कि नेता विपक्ष का कार्यालय हमारे लिए खोल दिया गया है।
- दो और विधायक जल्द उनके गुट में शामिल हो सकते हैं।
- बागी गुट ने अखरुज्जमान को चीफ व्हिप बनाया है।
- जावेद अहमद खान, संदीपन साहा, सबीना यास्मीन और शिउली साहा को उपनेता बनाया गया।
- उन्होंने कहा कि सभी नियुक्तियों की जानकारी स्पीकर को दे दी गई है।
- ममता बनर्जी से विधायक दल की चीफ एडवाइजर बनने की अपील की।
- संकेत दिया कि बागी गुट का अभिषेक बनर्जी से कोई राजनीतिक तालमेल नहीं है।

बागी गुट में किसको क्या जिम्मेदारी

पद	नाम
नेता विधायक दल	ऋतब्रत बनर्जी
चीफ व्हिप	अखरुज्जमान
उपनेता	जावेद अहमद खान
उपनेता	संदीपन साहा
उपनेता	सबीना यास्मीन
उपनेता	शिउली साहा

स्पीकर, ममता की नहीं आई टिप्पणी

हालांकि, इस पूरे घटनाक्रम पर अभी विधानसभा स्पीकर और ममता बनर्जी का कोई बयान नहीं आया है। ममता बनर्जी के पास अब 22 विधायकों का समर्थन है। टीएससी ने 294 सीटों में से 80 सीटें जीती थीं। यह विवाद उस समय शुरू हुआ, जब नेता विपक्ष चुनने के प्रस्ताव पर फर्जी साइन का आरोप लगाने के बाद ऋतब्रत बनर्जी और संदीपन साहा को पार्टी से बाहर कर दिया गया था। इसी बीच सीनियर लीडर कुणाल घोष ने बताया कि टीएससी विधायक फिरहाद हकीम ने कोलकाता के मेयर पद से इस्तीफा दे दिया है।

तहसीलदारों की हड़ताल खत्म सरकार से चर्चा के बाद लिया फैसला, आज से काम पर लौटेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरगुजा जिले के मैनपाट तहसील अंतर्गत राजापुर उप तहसील के नायब तहसीलदार तुषार मानिक के साथ शासकीय कार्य के दौरान हुई मारपीट, अभद्रता की घटना के विरोध में तहसीलदारों की अनिश्चितकालीन हड़ताल खत्म हो गई है। शासन के साथ हुई चर्चा और प्रकरण में वैधानिक कार्रवाई शुरू होने के बाद छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ ने अपना प्रस्तावित सामूहिक अवकाश कार्यक्रम स्थगित कर दिया है। प्रदेशभर के तहसीलदार, नायब तहसीलदार और कार्यपालिक मजिस्ट्रेट 4 जून से कार्य पर लौटेंगे।

■ थाना स्तर पर की गई वैधानिक कार्रवाई के बाद लिया निर्णय

संघ ने बताया कि 1 जून को सचिव, राजस्व के साथ विस्तृत चर्चा के दौरान संघ द्वारा न केवल राजापुर प्रकरण में दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी का विषय प्रमुखता से उठाया। साथ ही तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों की सुरक्षा, संसाधनों की उपलब्धता, कार्यालयीन स्टाफ की कमी, वाहन सुविधा, न्यायालयीन कार्यों के लिए आवश्यक आधारभूत संरचना तथा लंबे समय से लंबित अन्य ▶▶| शेष पेज 6 पर

मामले में अपराध दर्ज आरोपियों पर हुई कार्रवाई

थाना प्रभारी सीतापुर ने बताया कि नायब तहसीलदार तुषार मानिक के लिखित आवेदन पर अपराध पंजीबद्ध किया गया है। विवेचना के दौरान प्रकरण के नामजद आरोपी नाजिम रजा और पंकज गुप्ता ने पुलिस के समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई है। पुलिस द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि प्रकरण वर्तमान में विवेचनाधीन है। छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ ने उक्त कार्रवाई को प्रकरण में हुई प्रारंभिक एवं सकारात्मक प्रगति बताते हुए स्वागत किया है।

आश्वासन के बाद हड़ताल स्थगित

संघ ने कहा है कि प्रशासनिक अधिकारियों का मूल दायित्व जनता को समयबद्ध एवं प्रभावी सेवाएं उपलब्ध कराना है। प्रदेशभर के तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट सदैव जनहित, सुशासन एवं न्यायिक दायित्वों के निर्वहन के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। इसी भावना को सर्वोपरि रखते हुए तथा शासन द्वारा दिए गए आश्वासन एवं प्रारंभ हुई वैधानिक कार्रवाई को ध्यान में रखते हुए संघ द्वारा प्रस्तावित सामूहिक अवकाश कार्यक्रम को फिलहाल स्थगित करने का निर्णय लिया गया है।

संघ ने 15 दिन का दिया अल्टीमेटम

संघ ने स्पष्ट किया है कि शासन द्वारा दिए गए आश्वासनों के अनुरूप आगामी 15 दिवस के भीतर प्रकरण के शेष आरोपियों के विरुद्ध अपेक्षित वैधानिक कार्रवाई तथा संघ की लंबित मांगों के निराकरण की दिशा में ठोस एवं संतोषजनक प्रगति अपेक्षित है। यदि निर्धारित अवधि में अपेक्षित कार्रवाई नहीं की जाती है, तो संघ परिस्थितियों की समीक्षा कर पुनः अपने आगामी कार्यक्रमों पर निर्णय लेने के लिए बाध्य होगा।

जेईई एडवांस्ड-2026 परीक्षा में 'सेंध'

1.79 लाख छात्रों का डेटा लीक आईआईटी रुड़की ने मानी खामी

रुड़की। एक साइबर सुरक्षा शोधकर्ता राइलेन अनिल की ओर से जेईई एडवांस-2026 का डेटा लीक होने का मामला प्रकाश में लाया गया है। जिसमें शोधकर्ता ने दावा किया कि करीब 1.79 लाख नतीजों के रिकॉर्ड एवं लगभग 1.87 लाख एडमिट कार्ड की पीडीएफ फाइलें बिना किसी ऑथेंटिकेशन के एक्सेस की जा सकती थी। वहीं भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की ने यह मामला सामने आने के बाद इंटरनेट मीडिया पर इसका जवाब देते हुए प्राथमिकता के आधार पर इस समस्या का समाधान करने की बात कही है। संस्थान का यह भी कहना है कि प्रभावित लोकेशन पर स्टोर किया गया डेटा रीड ओनली मोड पर था। इसलिए रिकॉर्ड में किसी प्रकार के बदलाव एवं छेड़छाड़ की संभावना नहीं थी। देश की सबसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस्ड-2026 का आयोजन आईआईटी रुड़की की ओर से किया गया था। 31 मई की देर रात संस्थान ने जेईई एडवांस्ड-2026 का परीक्षा परिणाम घोषित किया था। राइलेन अनिल ने दावा किया कि जेईई एडवांस्ड-2026 से जुड़ी क्लाउड स्टोरेज कॉन्फिगरेशन की समस्या की वजह से अभ्यर्थियों से जुड़ा डेटा बिना किसी ऑथेंटिकेशन के आनलाइन लीक हो गया है।

आईआईटी ने शोधकर्ता से कहा-थैंक्यू

आईआईटी रुड़की ने एक्स पर सार्वजनिक रूप से जवाब देते हुए इस समस्या को सामने लाने पर साइबर सुरक्षा शोधकर्ता का आभार व्यक्त किया है। उनके इस कदम को नैतिक एवं जिम्मेदार बताया है। संस्थान ने माना है कि क्लाउड स्टोरेज सिस्टम में कॉन्फिगरेशन से संबंधित कोई समस्या थी। इस समस्या को प्राथमिकता के आधार पर ठीक किया जा रहा है।

1,87,389 ने कराया था पंजीयन- गौरतलब है कि जेईई एडवांस्ड-2026 में कुल 1,87,389 उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया था। जिनमें से 1,79,694 उम्मीदवारों ने 17 मई 2026 को आयोजित परीक्षा के पेपर एक और पेपर दो दोनों में भाग लिया था। इस परीक्षा में कुल 56,880 उम्मीदवार उत्तीर्ण हुए हैं।

10000 करोड़ के एटीएफ फंड को मंजूरी, बचेंगी 77 लाख नौकरियां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ईरान-अमेरिका युद्ध के बीच केंद्र सरकार ने एविएशन सेक्टर को बड़ी राहत दी है। सरकार ने 10,000 करोड़ के एटीएफ फंड को मंजूरी दी है। पेट्रोलियम मंत्रालय तेल कंपनियों को बिना किसी ब्याज के एडवांस पैसा देगा। यह मदद इसलिए दी जा रही है ताकि पश्चिम एशिया के संकट की वजह से एविएशन फ्यूल के दाम में हो रहे भारी उतार-चढ़ावा को काबू किया जा सके और एयरलाइंस कंपनियों को कोई परेशानी न हो।

- *दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में पुराने ट्रक और बस को बदलने की एक योजना को मंजूरी*
- *मध्य प्रदेश में 4,415.60 करोड़ रुपए की लागत वाली दो सड़क परियोजनाओं पर मुहर*

यह योजना क्यों जरूरी पड़ी?

पश्चिम एशिया संकट के कारण एटीएफ की कीमतों में भारी उछाल आया है। मार्च 2026 में एटीएफ की अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 60.50 रुपए प्रति लीटर थी। मई 2026 तक यह बढ़कर करीब 142 रुपए प्रति लीटर हो गई। सिर्फ दो महीनों में कीमत लगभग 2.5 गुना बढ़ गई।

पति-पत्नी की उपस्थिति के निर्देश

हाईकोर्ट ने मीडिएशन सेंटर में एक लाख जमा करने और एसपी को रसीद दिखाने कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

दहेज व शारीरिक प्रताड़ना का आरोप झेल रहे पति, सास व ससुर की याचिका पर सुनवाई करते हुए छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट ने पति अंकुर गौरहा को हाई कोर्ट के मीडिएशन सेंटर में एक लाख रुपए जमा करने का निर्देश दिया है। इसके लिए दो सप्ताह की मोहलत दी है। राशि जमा कराने के बाद रसीद संबंधित जिले के एसपी को दिखाने कहा है, इसके बाद ही गिरफ्तारी पर रोक का जारी आदेश प्रभावी होगा। पति-पत्नी को मीडिएशन सेंटर में उपस्थिति ▶▶| शेष पेज 6 पर

आरोप झूठे, मनगढ़ंत और दुर्भावनापूर्ण

याचिकाकर्ता ने याचिका में कहा है, पत्नी भव्या गौराहा द्वारा लगाए गए आरोप झूठे, मनगढ़ंत और दुर्भावनापूर्ण है। याचिकाकर्ताओं के अनुसार शिकायत काफी विलंब से दर्ज कराई गई है तथा इसमें दहेज मांग या क्रूरता के कोई स्पष्ट और विश्वसनीय आरोप नहीं हैं।

ईरान-अमेरिकी जंग में अब तक 10 की मौत

कुवैत हवाई अड्डे पर हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत

एजेंसी ▶▶| दुबई

कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मंगलवार को हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई जबकि कई अन्य घायल हो गए। भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर कहा कि वह जाने गंवाने वाले व्यक्ति के शोकसंतप्त परिवार के साथ ही घटना में घायल हुए लोगों को हरसंभव सहायता और समर्थन प्रदान करने के लिए कुवैती प्रशासन के साथ तालमेल कर रहा है। हमले में एक भारतीय नागरिक की दुखद मृत्यु पर कुवैत स्थित भारतीय दूतावास गहरा शोक व्यक्त करता है।

हमले में 63 घायल

स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता डॉ. अब्दुल्ला अल-सुंद ने बताया कि हवाई अड्डे पर हुए हमले के बाद अब तक सात अस्पतालों में 63 घायलों को ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि सात मामलों में आपातकालीन बड़ी सर्जरी की गई है, और कई छोटी सर्जरी भी की गई हैं।

पहले भी भारतीय नागरिकों की हुई मौत

पिछले महीने, होर्मुज जलडमरूमध्य के पास एक नौका में आग लगने से एक भारतीय नाविक की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे। मार्च में, संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में नष्ट की गई मिसाइल के मलबे में दबकर एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई और दूसरा घायल हो गया। अठारह मार्च को सऊदी अरब की राजधानी रियाद पर हुए मिसाइल एवं ड्रोन हमलों में एक और भारतीय नागरिक मारा गया।

अनुकूल परिस्थितियां, शुरू हो जाएगा झमाझम बारिश का दौर

केरल तट पर 24 घंटे के भीतर दस्तक देगा मानसून

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

मानसून पर गुड न्यूज आ गई है। मौसम विभाग के अनुसार केरल तट से अगले 24 घंटे में मानसून टकराएगा। इसके बाद झमाझम बारिश का दौर शुरू हो जाएगा। केरल से होते हुए मॉनसून, महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाण और दिल्ली में दस्तक देगा। इस बार मानसून कई दिनों की देरी से केरल में पहुंच रहा है. आमतौर पर मानसून 1 जून को केरल में दस्तक देता है, लेकिन इस बार 4 जून को ये केरल में पहुंच रहा है। इस साल भारत में औसत से कम बारिश होने का अनुमान जताया गया है।

कब कहां पहुंचेगा मानसून

मुंबई आईएमडी के डायरेक्टर बिक्रम सिंह ने बताया, मॉनसून के 4 जून को सबसे पहले केरल पहुंचने की उम्मीद है। इसके बाद यह धीरे-धीरे आगे बढ़ेगा। महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों तक मानसून पहुंचने में लगभग एक सप्ताह का समय लग सकता है, जबकि मुंबई तक इसके पहुंचने में करीब 10 दिन लग सकते हैं, बशर्ते मानसून की गति सामान्य बनी रहे।

सामान्य से कम बारिश का अनुमान

देशभर में मौसमी बारिश का औसत एलपीए 87 सेंटीमीटर है, जो 1971 से 2020 तक के आंकड़ों पर आधारित है। अगर मानसून के मौसम में एलपीए के 90 प्रतिशत से कम बारिश होती है, तो आईएमडी इसे "अपर्याप्त" के रूप में वर्गीकृत करता है। सामान्य से कम बारिश का एक कारण अल-नीनो की स्थिति का उभरना हो सकता है, जिसके चलते देश में मानसून के मौसम में कम पानी बरसता है।

औसत से 90 फीसदी बारिश होने की आशंका

आईएमडी ने पहले अनुमान जताया था कि केरल में मानसून की दस्तक 26 मई के आसपास होगी। हालांकि, ऐसा नहीं हुआ। बाद में विभाग ने 29 मई को कहा कि मानसून अगले हफ्ते पहुंच सकता है। पिछले हफ्ते विभाग ने अपने संशोधित पूर्वानुमान में कहा कि इस बार मानसूनी बारिश सामान्य से कम रहेगी। आईएमडी ने कहा कि भारत में इस साल दीर्घकालिक औसत (एलपीए) की 90 फीसदी बारिश होने की संभावना है।

इन दिनों सोनी सब चैनल के शो 'यादें' में दिग्विजय यानी डिग्गी के किरदार में अर्जुन पुंज नजर आ रहे हैं। वे फिटनेस को लाइफ के लिए बहुत इंपॉर्टेंट मानते हैं। यहां अपनी फिटनेस, डाइट प्लान और मेंटल हेल्थ के बारे में अर्जुन बता रहे हैं अपनी जुबानी।

फिटनेस सिर्फ बॉडी नहीं सोच-जिंदगी भी बदलती है

फिटनेस फंडा

अर्जुन पुंज

मेरा मानना है कि अच्छी जिंदगी के लिए हेल्दी और फिट रहना बहुत जरूरी है। फिटनेस सिर्फ अच्छे दिखने के लिए नहीं होती, बल्कि अंदर से स्वस्थ रहना भी उतना ही जरूरी है। शरीर एक मंदिर की तरह होता है। अगर लगातार खुद को फिट रखा जाए, तो यही शरीर बढ़ती उम्र में सबसे ज्यादा साथ देता है। हो सकता है कि अभी उसका असर तुरंत दिखाई न दे, लेकिन आगे चलकर वही फिटनेस काम आती है।

सलमान खान से मिली प्रेरणा: मेरे लिए हमेशा से सबसे बड़े फिटनेस आइडल सलमान खान रहे हैं। जब मैं पांचवीं या छठी क्लास में था, तब उनकी फिल्म 'प्यार किया तो डरना क्या' आई थी। उसमें 'ओ ओ जाने जाना' गाने में उन्हें देखकर मैं बहुत इंस्पायर हुआ था। तभी मैंने सोच लिया था कि बड़ा होकर खुद को जरूर फिट रखूंगा। और भी कलाकार फिट रहे हैं, लेकिन सलमान खान ने जिस तरह जिम और बॉडी बिल्डिंग कल्चर को लोगों के बीच लोकप्रिय बनाया, वह शानदार है। आज भी बड़ी संख्या में युवा उनको फॉलो कर रहे हैं।

एनर्जेटिक रहना भी है जरूरी: यदि प्रोफेशन की बात करें, तो टीवी इंडस्ट्री में फिट दिखना जरूरी होता है। लेकिन आम लोगों के लिए सबसे जरूरी चीज है एनर्जेटिक महसूस करना। सिर्फ दिखने के लिए खुद को भूखा रखना, बहुत ज्यादा डाइटिंग करना या हर पसंद की चीज छोड़ देना सही नहीं है। इससे इंसान बाहर से फिट दिख सकता है, लेकिन अंदर से अच्छा महसूस नहीं करता। 12-12 घंटे काम करने वाले लोगों के लिए खुद को एनर्जेटिक रखना सबसे जरूरी है। यदि इंसान अंदर से खुश और एनर्जेटिक रहेगा, तो उसका असर उसके काम और आस-पास के माहौल पर भी दिखाई देगा।

डाइट प्लान: मैं सुबह नाश्ता नहीं करता। इसे इंटरमिटेंट फास्टिंग कहते हैं। रात को सवा आठ बजे तक खाना खा लेता हूं और फिर अगले दिन सीधे लंच करता हूं। इससे शरीर को थोड़ा आराम मिलता है। हर चीज जो 24 घंटे लगातार चलती रहती है, उसे थोड़ा ब्रेक मिलना चाहिए, दिल को छोड़कर। मैं नॉन-वेजिटेरियन हूं, इसलिए लंच में दाल, रोटी, सब्जी, सलाद के साथ कभी-कभी फिश या चिकन भी शामिल होता है। शाम को ओटमील, नट्स और फल लेता हूं और रात में अच्छा डिनर करता हूं। मुझे लगता है कि अच्छा डिनर करके आराम से इंटरमिटेंट फास्टिंग करना ज्यादा बेहतर है। फिट रहने के लिए मैं खुद को किसी चीज से दूर नहीं रखता। सब खाता हूं, लेकिन लिमिट में। यदि जरूरत से ज्यादा खाएंगे, तो सिर्फ वर्कआउट से फर्क नहीं पड़ेगा। संडे को छोले-भटूरे भी खाता हूं और चीट-डे पर पिज्जा, पास्ता, बर्गर भी चलता है। जिंदगी को एंजॉय करना भी जरूरी है। अच्छा खाना नहीं मिलेगा, तो इंसान थोड़ा मायूस रहेगा और फिर काम में भी मजा नहीं आएगा।

वर्कआउट में बैलेंस जरूरी: मेरा वर्कआउट वेट ट्रेनिंग और बॉडी वेट एक्सरसाइज दोनों का मिश्रण है। डंबल्स के साथ-साथ पुशअप्स, पुलअप्स जैसी एक्सरसाइज भी करता हूं। लंबे समय तक शरीर को मजबूत रखने के लिए दोनों चीजें जरूरी हैं। यदि लगातार शरीर से काम लिया जाए, तो बढ़ती उम्र में भी हर दिन के काम आसानी से होते हैं और सहारे की जरूरत कम पड़ती है।

मेंटल हेल्थ प्लानिंग: मेंटली स्ट्रॉन्ग रहने के लिए अंदर से मजबूत होना जरूरी है। अच्छे समय में तो हर इंसान खुश रहता है, लेकिन असली परीक्षा तब होती है, जब जिंदगी में मुश्किल समय चल रहा हो। जब काम नहीं हो, चीजें समझ नहीं आ रही हों और जिंदगी उलझी हुई लगे, तब भी पॉजिटिव बने रहना बहुत जरूरी है। खुद पर और ऊपर वाले पर भरोसा रखना चाहिए कि जो होगा, अच्छे के लिए होगा। *

प्रस्तुति: सेहत फीचर्स

स्पेशल: वर्ल्ड ब्रेन ट्यूमर-डे, 8 जून

हर वर्ष दुनिया में कई लाख लोग ब्रेन ट्यूमर की वजह से अपनी जान गंवा देते हैं। आमतौर पर इसे लाइलाज माना जाता है, जबकि सच्चाई यह है कि अगर समय रहते इसका पता चल जाए तो पूरा ट्रीटमेंट संभव है। इसलिए जरूरी है कि इसके प्रति अवेयर रहें और इसके लक्षण दिखने पर प्रॉपर डायग्नोसिस और ट्रीटमेंट करवाया जाए। इस बारे में डिटेल में जानिए।

घबराएं नहीं-सजग रहें क्योंकि बेल है ब्रेन ट्यूमर

डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. प्रणव घोड़गांवकर
लीड न्यूरो-सर्जन एंड ऑन्को-ब्रेन सर्जन
कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर

- *10वां बड़ा कारण है ब्रेन ट्यूमर भारत में विभिन्न रोगों से होने वाली मौतों का।*
- *आंकड़ों के अनुसार 3.2 लाख से अधिक लोगों की मौतें दुनिया भर में हर साल ब्रेन ट्यूमर के कारण होती हैं।*

आधुनिक मेडिकल साइंस में हुई चमत्कारिक प्रगति के कारण मस्तिष्क या ब्रेन ट्यूमर के संदर्भ में अब घबराने की नहीं बल्कि जागरूक होने की जरूरत है। ऐसे ट्यूमर से ग्रस्त लोगों और उनके परिजनों को यह बात याद रखनी चाहिए कि समय रहते पता चलने पर ब्रेन ट्यूमर का अब समुचित उपचार संभव है।

क्या है ब्रेन ट्यूमर

जैसे शरीर के अन्य भागों में कोशिकाओं की असामान्य व अनियंत्रित वृद्धि के कारण कैंसर पनपता है, ठीक वैसे ही मस्तिष्क की कोशिकाओं (जिन्हें न्यूरॉन्स कहा जाता है) में अनियंत्रित व असामान्य वृद्धि होने से जो गांठ बन जाती है, उसे ब्रेन ट्यूमर कहते हैं। ब्रेन कैंसर का एक स्वरूप है- ब्रेन ट्यूमर। एक अध्ययन से पता चला है कि समस्त प्रकार के ब्रेन कैंसर, ट्यूमर होते हैं, किंतु सभी ब्रेन ट्यूमर कैंसर नहीं होते हैं।

ब्रेन ट्यूमर के प्रकार

मस्तिष्क में स्थित जो ट्यूमर कैंसर रहित होते हैं, उन्हें बिनाइन ब्रेन ट्यूमर कहा जाता है और जिन ट्यूमर्स में कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि से गांठ पड़ जाती है, उन्हें मैलिग्नेंट या 'कैंसरस' ब्रेन ट्यूमर कहते हैं। ब्रेन ट्यूमर में मस्तिष्क के टिश्यूज असामान्य रूप से तेजी से बढ़ते हैं, जिसके परिणामस्वरूप मस्तिष्क के आंतरिक भाग में दबाव बढ़ता है। नतीजतन सिरदर्द आदि समस्याएं शुरू हो जाती हैं।

प्राइमरी और मेटास्टेटिक ट्यूमर: जो ब्रेन ट्यूमर मस्तिष्क में उत्पन्न होते हैं, उन्हें प्राइमरी ब्रेन ट्यूमर कहा जाता है और जो ट्यूमर मस्तिष्क से परे शरीर के दूसरे अंगों जैसे किडनी, लिवर और फेफड़ों आदि के जरिए मस्तिष्क तक पहुंचते हैं, उन्हें सेकेंडरी या मेटास्टेटिक ब्रेन टयूमर कहते हैं।

ब्रेन ट्यूमर के कारण

ब्रेन ट्यूमर होने का कोई एक निश्चित व विशिष्ट कारण अभी तक ज्ञात नहीं हो सका है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार व्यक्ति की जेनेटिक प्रोग्रामिंग की सीक्वेसिंग में होने वाली गड़बड़ी या जींस से संबंधित गड़बड़ियों के कारण ज्यादातर ट्यूमर उत्पन्न होते हैं। बावजूद इसके कुछ ऐसी स्थितियां हैं, जिनके परिणामस्वरूप इसके होने का जोखिम बढ़ सकता है। जैसे-

विकिरण (रेडिएशन) युक्त अनहेल्दी माहौल: जिस माहौल में आप रहते हैं, वहां पर किसी रासायनिक या अन्य विषाक्त गैसों का रेडिएशन रिस्की हो सकता है। अगर किसी वस्तु या स्थान से रेडिएशन हो रहा है तो कालांतर में ऐसे माहौल में रहने से ब्रेन ट्यूमर का जोखिम बढ़ सकता है।

ब्रेन ट्यूमर के सामान्य लक्षण

ब्रेन ट्यूमर के कोई स्पेसिफिक लक्षण नहीं होते हैं। सिर में लगातार दर्द रहना, लेकिन कालांतर में तेज सिरदर्द होना। ब्रेन ट्यूमर का दर्द आमतौर पर सुबह के वक्त ज्यादा होता है। सिरदर्द के साथ उल्टी होना। उल्टी के बाद सिरदर्द में तात्कालिक तौर पर राहत मिल जाती है। शरीर के किसी भाग जैसे दाएं हाथ व पैर या बाएं हाथ और पैर में कमजोरी महसूस करना। बोलने में दिक्कत महसूस होना। किसी बात को समझने या फिर भाषा को समझने में दिक्कत। ट्यूमर न्यूरॉन्स को दबाते हैं, जिसके कारण मिर्गी के दौरे पड़ते हैं। नेत्र ज्योति का कम होते जाना या धुंधला दिखाई पड़ना। मेमोरी कमजोर होना। पढ़ने या लिखने में परेशानी महसूस करना। हर वस्तु का दोहरा (डबल) स्वरूप दिखाई पड़ना। शारीरिक संतुलन खोना या चक्कर आना। स्वाद व सूंघने की शक्ति का कमजोर होना जैसे लक्षण दिख सकते हैं।

डायग्नोसिस के तरीके

सीटी स्कैन (ब्रेन): इसकी सहायता से मस्तिष्क के आंतरिक भागों की फोटो देखकर मर्ज की स्थिति का आकलन किया जाता है।

एमआरआई (ब्रेन): इसके अंतर्गत रेडियो सिग्नल की मदद से मस्तिष्क की संरचना से संबंधित जानकारियां ली जाती हैं।

फंक्शनल एमआरआई (ब्रेन): फंक्शनल एमआरआई की जांच से ब्रेन ट्यूमर की सर्जरी अब कहीं ज्यादा बेहतर हो चुकी है। इसका कारण यह है कि इस विशिष्ट एमआरआई से मस्तिष्क के आंतरिक भाग की गतिविधियों और ट्यूमर के कारण मस्तिष्क के अमुक भाग में हुई क्षति का सटीक आकलन किया जा सकता है।



इलाज के तरीके

सर्जरी: जांचों के आधार पर न्यूरो सर्जन यह बात सुनिश्चित करते हैं कि ब्रेन ट्यूमर का आकार और उसकी स्थिति क्या है। इसके बाद ही ट्यूमर की सर्जरी का निर्णय लिया जाता है।

एंडोस्कोपिक सर्जिकल प्रक्रिया: ब्रेन ट्यूमर को हटाने में इस प्रक्रिया का भी सहारा लिया जाता है।

विकिरण (रेडिएशन) थेरेपी: इन दिनों प्रचलन में जारी लगभग सभी रेडिएशन थेरेपीज 'फोकस्ड' या 'टारगेटेड' होती हैं। फोकस्ड या टारगेटेड से यहां आशय ऐसी रेडिएशन थेरेपी से है, जिससे कैंसरग्रस्त कोशिकाओं या ट्यूमर के अलावा आसपास स्थित अन्य स्वस्थ टिश्यूज और कोशिकाओं को कोई नुकसान नहीं पहुंचता। कैंसरग्रस्त ट्यूमर को हटाने के लिए विकिरण चिकित्सा का सहारा लेते हैं।

गामा नाइफ: यह एडवांस रेडियोथेरेपी प्रोसीजर है। इस आधुनिक प्रोसीजर से ट्यूमर को खत्म करते हैं।

साइबर नाइफ रेडिएशन थेरेपी: अगर ट्यूमर का आकार टेढ़ा है या फिर अंडाकार है, तो ऐसे मामलों में साइबर नाइफ बेहतर साबित होता है।

प्रोटॉन बीम थेरेपी: कैंसर के इलाज में यह सबसे आधुनिक चिकित्सा पद्धति है। इसमें ब्रेन ट्यूमर को हटाने के लिए प्रोटॉन की किरणों का उपयोग करते हैं, जबकि ज्यादातर रेडिएशन थेरेपी में एक्स-रे का उपयोग होता है।

कीमोथेरेपी: इसके अंतर्गत ट्यूमर को समाप्त करने के लिए दवाओं का उपयोग किया जाता है।

ब्रेन ट्यूमर से बचाव

फिलहाल किसी वैक्सीन या दवा से ब्रेन ट्यूमर से बचाव संभव नहीं है। हालांकि धूम्रपान, शराब या अन्य नशों से दूर रहकर आप काफी हद तक स्वस्थ बने रह सकते हैं, लेकिन ये सब बातें प्राइमरी ब्रेन ट्यूमर्स से बचाव के संदर्भ में लागू नहीं होतीं। हां, सेकेंडरी ब्रेन ट्यूमर्स (मेटास्टेटिक) को परोक्ष रूप से स्वास्थ्यकर जीवनशैली पर अमल कर रोका जा सकता है। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला

ब्रेन ट्यूमर से रिलेटेड मिथ-फैक्ट

मिथ: तमाम लोगों का ऐसा मानना है कि मोबाइल फोन का अधिक इस्तेमाल कालांतर में ब्रेन ट्यूमर का कारण बन सकता है।
फैक्ट: ब्रिटेन के यूनिवर्सिटी कॉलेज, लंदन में हुए एक अध्ययन के अनुसार अभी तक दुनिया भर में जो शोध, अध्ययन हुए हैं, उनसे यह बात प्रमाणित नहीं होती कि मोबाइल फोन से ब्रेन ट्यूमर होता है। बावजूद इसके तस्वीर का दूसरा पहलू यह है कि लंबे समय तक विकिरण (रेडिएशन) के प्रभाव में रहने से शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए विकिरण रहित स्वच्छ पर्यावरण व वातावरण में रहना मानव स्वास्थ्य के लिए बहुत सुरक्षित होता है।

मिथ: तनावग्रस्त रहने से ब्रेन ट्यूमर होता है।
फैक्ट: इस तरह की धारणा बेबुनियाद है। ऐसे किसी शोध व अध्ययन से फिलहाल यह जानकारी नहीं मिली है कि तनावग्रस्त रहने से व्यक्ति ब्रेन ट्यूमर से ग्रस्त होता है।
मिथ: युवाओं को ब्रेन ट्यूमर नहीं होता।
फैक्ट: ब्रेन ट्यूमर सभी आयु वर्ग के लोगों को अपनी गिरफ्त में ले सकता है। चाहे वे युवा हों, वयस्क या फिर बुजुर्ग। इसका उम्र से कोई संबंध नहीं होता है।
मिथ: उम्र बढ़ने पर ब्रेन ट्यूमर के मामले भी बढ़ते जाते हैं। यानी ओल्ड एज में इसकी आशंका बढ़ जाती है।
फैक्ट: ऐसा कुछ भी नहीं है। किसी भी व्यक्ति के जीवनकाल में मैलिग्नेंट ब्रेन ट्यूमर होने का खतरा 1 प्रतिशत से कम होता है।

डाइट सजेशन

शिखर चंद जैन

आज की फास्ट लाइफस्टाइल में लोग अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड यानी रेडी टू ईट या फ्रोजेन या पैक्ड फूड्स का सेवन काफी करने लगे हैं। इससे फिजिकल हेल्थ पर तो कई तरह से बुरा असर पड़ता ही है, कई मेंटल प्रॉब्लम्स भी हो सकती हैं। एक स्टडी में इस बात का खुलासा हुआ है। इसलिए इस बारे में जानना बहुत जरूरी है।

मेंटल हेल्थ को प्रभावित करता है अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड



अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड के सेवन से लिवर फैट, कोलेस्ट्रॉल बढ़ने, मोटापा, माइग्रेन, हाई ब्लड प्रेशर जैसी समस्याएं तो होती ही हैं। इसके अलावा इससे मानसिक स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। इस संबंध में कई शोध ऐसे हो चुके हैं जिनसे यह बात प्रमाणित होती है। ऐसे कुछ शोध अमेरिका की संस्था सैपियन लैब्स में हुए, जो वैश्विक मानसिक स्वास्थ्य और मानव मस्तिष्क की कार्यप्रणाली का अध्ययन करती है। इसका मुख्य उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य में गिरावट के कारणों को समझना और 'ग्लोबल माइंड प्रोजेक्ट' के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य भागफल का डेटा एकत्र करना है। यह 'मेंटल हेल्थ मिलियन प्रोजेक्ट' द्वारा मानसिक स्वास्थ्य का आकलन भी करती है। सेपियन लैब्स की 2025 की 'ग्लोबल माइंड हेल्थ' रिपोर्ट में यह पाया गया कि 18-34 वर्ष के युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ने का एक मुख्य कारण अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड का अधिक सेवन है। भारत में इस आयु वर्ग के 44 प्रतिशत युवा इसका सेवन कर रहे हैं, जो अवसाद और कम भावनात्मक नियंत्रण से जुड़ा है।

क्या कहती है लेटेस्ट रिसर्च

अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड और मानसिक स्वास्थ्य के बीच के संबंध पर हालिया रिसर्च काफी चौंकाने वाली है। मानसिक स्वास्थ्य सूचकांक में गिरावट के कारणों से संबंधित रिसर्च में पाया गया कि जो लोग दिन में 3 बार या उससे अधिक अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड (जैसे चिप्स, सोडा, इंस्टेंट नूडल्स, फ्रोजन मील) खाते हैं, उनका 'मेंटल हेल्थ कोशेंट' उन लोगों की तुलना में बहुत कम होता है, जो इसे कभी-कभार खाते हैं।

युवाओं पर गहरा असर

संस्थान के द्वारा किए गए अध्ययन में पाया गया है कि भारत में 18-34 वर्ष के लगभग 44 प्रतिशत युवा भारी मात्रा में अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड का सेवन कर रहे हैं। इस समूह में डिप्रेशन (अवसाद), एंग्जायटी (घबराहट) और इमोशनल कंट्रोल की कमी के मामले सबसे अधिक देखे गए। इनका अधिक सेवन मस्तिष्क के उन हिस्सों को प्रभावित करता है, जो भावनाओं को नियंत्रित करते हैं।

मेंटल हेल्थ पर दुष्प्रभाव

अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स के मेंटल हेल्थ पर पड़ने वाले असर के बारे में वैज्ञानिकों ने इस शोध में तीन मुख्य कारण बताए हैं-

गट-ब्रेन एक्सिस: अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड में मौजूद प्रिजर्वेटिव्स और आर्टिफिशियल स्वीटनर्स, पेट के अच्छे बैक्टीरिया को खत्म कर देते हैं। चूंकि 90 प्रतिशत सेरोटोनिन (हैप्पी हार्मोन) पेट में बनता है, इसलिए खराब पाचन सीधे तौर पर खराब मूड और तनाव का कारण बनता है।

न्यूरो-इंफ्लेमेशन: अल्ट्रा प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों में मौजूद 'इमल्सीफायर्स' मस्तिष्क में सूजन पैदा कर सकते हैं, जिससे सोचने-समझने की क्षमता और याददाश्त पर बुरा असर पड़ता है।

पोषक तत्वों की कमी: इस शोध में यह भी पाया गया कि अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड खाने वाले लोगों के मस्तिष्क को जरूरी ओमेगा-3 और विटामिन नहीं मिल पाते, जिससे मानसिक थकान बढ़ती है।

व्यवहार में आए बदलाव

अधिक अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड खाने वाले लोगों में 'कॉग्निटिव डिक्लाइन' (मानसिक क्षमताओं में गिरावट) के लक्षण जल्दी देखे गए हैं। इनमें छोटी-छोटी बातों पर चिड़चिड़ापन और ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई यानी ब्रेन फॉग भी शामिल होता है।

समस्या का समाधान

इस रिसर्च से जुड़े वैज्ञानिकों का सुझाव है कि आहार में 70 प्रतिशत से अधिक हिस्सा 'होल फूड्स' (फल, सब्जियां, दालें, अनाज) का होना चाहिए। यदि अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड का सेवन दिन में एक बार से कम कर दिया जाए, तो मानसिक स्वास्थ्य स्कोर में 15-20 प्रतिशत तक सुधार देखा जा सकता है।

हार्मफुल अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड

शुगरी ड्रिंक्स और सोडा: कोला, एनर्जी ड्रिंक्स और पैकेट वाले 'फ्रूट जूस' (जिनमें चीनी/रंग ज्यादा होता है), सीधे तौर पर मानसिक सुस्ती और चिड़चिड़ापन बढ़ाते हैं।

इंस्टेंट नूडल्स और सूप: इनमें 'एमएसजी' यानी मोनो सोडियम ग्लूकानेट और अत्यधिक सोडियम होता है, जो मस्तिष्क की नसों पर दबाव डाल सकता है और 'ब्रेन फॉग' (मानसिक धुंधलापन) पैदा करता है।

फ्रोजन और रेडी-टू-ईट मील: फ्रोजन पिज्जा, बर्गर पेटीज और पैकेट बंद स्नैक्स आदि में 'इमल्सीफायर्स' होते हैं, जो पेट की परत को नुकसान पहुंचाकर मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं।

स्वीट ब्रेकफास्ट सीरियल्स: इनमें रिफाइंड शुगर बहुत ज्यादा होती है, जिससे 'शुगर क्रैश' होता है और थकान बढ़ती है।

प्रोसेस्ड मीट: प्रोसेस्ड मीट में मौजूद 'नाइट्रेट्स' शरीर में सूजन बढ़ाते हैं।

बरतें सावधानी

यदि किसी फूड पैकेट के पीछे 5 से ज्यादा सामग्री लिखी हैं, या ऐसे नाम लिखे हुए हैं, जिन्हें आप पढ़ या समझ नहीं पा रहे तो इस बात की संभावना अधिक है कि वह फूड आइटम अल्ट्रा-प्रोसेस्ड है। *

ये हैं हेल्दी डाइट ऑप्शंस

नारियल पानी, नीबू पानी या छाछ पीने की आदत डालें। इनमें नेचुरल इलेक्ट्रोलाइट्स होते हैं, जो मूड सुधारते हैं। व्हाइट ब्रेड या मीठे सीरियल्स के बजाय ओट्स, दलिया या पोहा खाना फायदेमंद है क्योंकि ये धीरे-धीरे एनर्जी रिलीज करते हैं, जिससे बॉडी में शुगर लेवल स्थिर रहता है। आलू के चिप्स या कुरकुरे की बजाय भुने हुए मखाने, चने या नट्स (बादाम, अखरोट) आदि लें। नट्स में मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड मस्तिष्क के लिए सुपरफूड जैसा काम करता है। इंस्टेंट नूडल्स के विकल्प के रूप में सूजी की सिंवइयां या घर का बना पास्ता खाएं। इनमें प्रिजर्वेटिव्स नहीं होते और ये सुपाच्य होते हैं। बिस्किट या कुकीज नहीं, ताजे फल या डार्क चॉकलेट (70 प्रतिशत कोको) खाएं। कई स्टडीज में सामने आया है कि डार्क चॉकलेट तनाव कम करने वाले हार्मोन रिलीज करती हैं।

अहमदाबाद में 166 बांग्लादेशी पकड़े गए
300 से ज्यादा लिए गए संदिग्ध हिरासत में

मजदूर बनकर आए, फर्जी दस्तावेज बनवाए और आराम से बस गए

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

गुजरात के अहमदाबाद में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ चलाए गए अभियान में बड़ा खुलासा हुआ है। अहमदाबाद क्राइम ब्रांच के मुताबिक, अब तक 166 बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान की जा चुकी है, जबकि 130 से ज्यादा अन्य संदिग्धों से पूछताछ जारी है। क्राइम ब्रांच और दूसरी एजेंसियों की संयुक्त कार्रवाई में शहर के अलग-अलग इलाकों से करीब 300 संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया गया है। जांच एजेंसियों के अनुसार, चिह्नित किए गए लोगों में 41 पुरुष, 95 महिलाएं और 30 बच्चे शामिल हैं। शुरुआती जांच में सामने आया है कि इनमें से कई लोग मजदूरी करते थे। वहीं कुछ महिलाओं के स्पा और देह व्यापार से जुड़े नेटवर्क में शामिल होने की बात कही गई है। पुलिस इन पहलुओं की भी जांच कर रही है।

कमाई का पैसा भेजा जाता था बांग्लादेश

बड़ा सवाल फर्जी दस्तावेज कहां से आए?

बड़ा सवाल यह है कि फर्जी दस्तावेज कहां से आए? पूरे मामले में सबसे अहम कड़ी दस्तावेजों की है। क्राइम ब्रांच को कई संदिग्धों के पास से आधार कार्ड समेत भारतीय पहचान से जुड़े दस्तावेज मिले हैं। अधिकारियों की कोशिश यह पता लगाने की है कि आखिर इन लोगों तक भारतीय पहचान पत्र कैसे पहुंचे? क्या इसके पीछे कोई संगठित नेटवर्क काम कर रहा था? और अगर हां, तो उसमें कौन-कौन शामिल है? जांच में यह भी सामने आया है कि कमाई का पैसा अहमदाबाद से बाहर भेजा जाता था। क्राइम ब्रांच के मुताबिक, कुछ मामलों में रकम पश्चिम बंगाल के रास्ते और कुछ मामलों में सीधे बांग्लादेश तक पहुंचाई जाती थी। इसके लिए मोबाइल ऐप्स और आंगड़िया नेटवर्क का इस्तेमाल किए जाने की बात सामने आई है। अब एजेंसियां वित्तीय लेन-देन की परतें भी खंगाल रही हैं।

बाकी लोगों के दस्तावेजों की हो रही जांच

अभी तक 300 से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लिया जा चुका है। इनमें से 166 लोगों की पहचान बांग्लादेशी नागरिकों के रूप में हुई है, जबकि बाकी लोगों के दस्तावेजों और पहचान की जांच की जा रही है। अधिकारियों का मानना है कि पूछताछ आगे बढ़ने के साथ इस नेटवर्क से जुड़े और नाम सामने आ सकते हैं। फिलहाल अहमदाबाद क्राइम ब्रांच की कार्रवाई जारी है और आने वाले दिनों में इस मामले में और बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

खबर संक्षेप

पंजाब में निजी स्कूलों में फीस वृद्धि पर लगाम

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार को कहा कि राज्य में निजी स्कूल अब सालाना पांच प्रतिशत से अधिक फीस वृद्धि नहीं कर सकेंगे और इसके लिए आगामी विधानसभा सत्र में एक सख्त कानून लाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यहां पत्रकारों से कहा कि निजी स्कूलों को फीस में मनमानी बढ़ोतरी की अनुमति नहीं दी जाएगी और अधिकतम वृद्धि पांच प्रतिशत सालाना तक सीमित रहेगी। उन्होंने बताया कि उन्हें कई अभिभावकों और छात्रों से शिकायतें मिली थीं कि फीस न देने पर स्कूल रोल नंबर या प्रमाण पत्र रोकने की धमकी देते हैं।

दलाई लामा को प्रदान किया गया ग्रैमी पुरस्कार

धर्मशाला (हिमाचल प्रदेश)। तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा को बुधवार को यहां उनके आवास पर सरोद वादक अमजद अली खान द्वारा औपचारिक रूप से ग्रैमी पुरस्कार प्रदान किया गया। दलाई लामा, तेनजिन ग्यात्सो ने अपने 'स्पोकन-वर्ड एल्बम' 'मेडिटेशन्सः द रिफ्लेक्शंस ऑफ हिज होलीनेस द दलाई लामा' के लिए सर्वश्रेष्ठ ऑडियो बुक, वाचन और कथा-वाचन रिकॉर्डिंग की श्रेणी में अपना पहला ग्रैमी पुरस्कार जीता।

सीबीआई हिरासत में रिलायंस एडीएजी के झुनझुनवाला

मुंबई। एक स्थानीय अदालत ने अनिल अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस कम्युनिकेशंस के पूर्व समूह प्रबंध निदेशक अमिताभ झुनझुनवाला को कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में पांच जून तक सीबीआई की हिरासत में भेज दिया। झुनझुनवाला को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के विशेष न्यायाधीश जेपी दारेकर के समक्ष पेश किया गया। उन्हें सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था।

राहुल- खड़के की मौजूदगी में कर्नाटक की नई कांग्रेस सरकार का हुआ गठन

शिवकुमार बने मुख्यमंत्री, सिद्धारमैया के बेटे समेत 12 विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ

कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के गठन के साथ बुधवार को डीके शिवकुमार ने राज्य के मुख्यमंत्री वहीं, वरिष्ठ कांग्रेस नेता जी. परमेश्वर ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के अलावा मंत्रिपरिषद के विस्तार के तहत 12 अन्य नेताओं को भी मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के बेटे डॉ. यतींद्र सिद्धारमैया का नाम भी शामिल है।

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरू

राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने 64 वर्षीय शिवकुमार को लोक भवन के 'ग्लास हाउस' में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के दौरान शिवकुमार हाथ में संविधान की प्रति लिए हुए थे। शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता, पार्टी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री परमेश्वर के अलावा जिन 12 नेताओं ने मंत्रीपद की शपथ ली उनमें केएच मुनियप्पा, के जे जॉर्ज, एमबी पाटिल, रामलिंगा रेड्डी, सतीश जारकीहोली, कृष्णा बायरेगौड़ा, प्रियंक खरगे, यू टी खादर, ईश्वर खंड्रे, यतींद्र सिद्धरमैया, बिरथी सुरेश और शरण प्रकाश पाटिल शामिल हैं। खादर और यतींद्र को छोड़कर अन्य सभी नेता पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के नेतृत्व वाली मंत्रिपरिषद में मंत्री रह चुके हैं। खादर अब तक कर्नाटक विधानसभा के अध्यक्ष थे, जबकि यतींद्र, सिद्धरमैया के पुत्र हैं।

डीके ने संविधान हाथ में लेकर ली शपथ, परमेश्वर उपमुख्यमंत्री बने

राहुल-खड़गे सहित तीन सीएम भी रहे मौजूद

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, केरल के मुख्यमंत्री वी.डी.सतीशन, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और कई अन्य नेता शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर विभिन्न मठों के प्रमुखों सहित सभी कई समुदायों के धार्मिक नेता भी उपस्थित थे। शपथ लेने से पहले, शिवकुमार ने खड़गे, राहुल गांधी और कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों का गुलदस्ता देकर और कांग्रेस का 'अंगवस्त्रम' पहनाकर उनका स्वागत किया। राहुल गांधी ने शिवकुमार को गले लगाकर बधाई दी।

शिवकुमार मंत्रिपरिषद में कुल 14 सदस्य

शिवकुमार मंत्रिपरिषद में मुख्यमंत्री समेत अब कुल 14 सदस्य हैं। विधानसभा के संख्याबल के आधार पर राज्य में मंत्रिपरिषद में अधिकतम 34 सदस्य हो सकते हैं। इस माह होने वाले राज्यसभा और विधान परिषद चुनाव के बाद शिवकुमार मंत्रिमंडल का विस्तार होने की संभावना है।

सिद्धारमैया ने 28 को दिया था इस्तीफा

मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही आठ बार के विधायक डी.के. शिवकुमार का वह वह सपना साकार हो गया, जिसके लिए उन्होंने लंबे समय तक राजनीतिक संघर्ष किया। शिवकुमार और सिद्धरमैया के बीच काफी समय तक चली खींचतान का अंत पिछले सप्ताह सिद्धरमैया के मुख्यमंत्री पद छोड़ने के साथ हुआ। सिद्धरमैया ने कांग्रेस आलाकमान के निर्देश के बाद बीते 28 मई को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और उनके इस कदम से दक्षिण भारत में पार्टी के संकटमोचक माने जाने वाले शिवकुमार के लिए यह पद ग्रहण करने का रास्ता साफ हुआ। इसके बाद 30 मई को बंगलूरू में कांग्रेस विधायक दल की बैठक आयोजित की गई। जिसमें उन्हें विधायक दल का नेता चुना गया। मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने वाले सिद्धारमैया ने उनके नाम प्रस्ताव रखा गया था। इसे सर्वसम्मति से पारित किया गया, जिसके बाद अब शिवकुमार ने मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली।

ऑफलाइन आवेदन की सुविधा नहीं है उपलब्ध

सीबीएसई री-वैल्यूएशन : 40 हजार छात्रों ने किया आवेदन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सीबीएसई 12वीं के री-इवैल्यूएशन के लिए आवेदन की प्रक्रिया जारी है। इसपर बोर्ड ने ताजा अपडेट शेयर किया है। बोर्ड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए आवेदनों की जानकारी दी है। बोर्ड ने बताया कि आज सुबह 9.30 बजे तक 40 हजार से ज्यादा आवेदन आ चुके हैं। बोर्ड ने ये भी बताया कि छात्रों के फीडबैक के आधार पर यूजर के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए लगातार सुधार किए जा रहे हैं। सीबीएसई ने आगे कहा कि हमारी टीम सुरक्षित, भरोसेमंद और छात्रों के लिए आसान प्लेटफॉर्म के लिए काम कर रही है। इसके पहले बोर्ड ने बताया था कि 14 हजार से अधिक छात्रों ने इसके लिए आवेदन किया था।

6 जून तक खुला रहेगा पोर्टल

गौरतलब है कि री-इवैल्यूएशन के लिए केवल वही छात्र आवेदन कर सकते हैं, जिन्हें उनकी मूल्यांकन की गई उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन की हुई कॉपियां मिल चुकी हैं। सीबीएसई ने री-वैल्यूएशन और वेरिफिकेशन के लिए ऑनलाइन पोर्टल 2 जून से शुरू किया है। छात्र 6 जून 2026 की रात तक आवेदन कर सकते हैं। बोर्ड ने साफ किया है कि लास्ट डेट के बाद किसी भी तरह का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा और ऑफलाइन आवेदन की सुविधा भी उपलब्ध नहीं है।

बैंक को लेकर भी दी जानकारी

बोर्ड ने इस दौरान बैंक को लेकर बताया कि एसबीआई,केनरा बैंक,बैंक ऑफ बड़ौदा और इंडियन बैंक के पेमेंट गेटवे सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन पोर्टल पर उपलब्ध हैं। छात्रों को भुगतान करने के लिए इन बैंकों में खाता होना आवश्यक नहीं है,बल्कि वे इनमें से किसी भी पेमेंट गेटवे का उपयोग करके भुगतान कर सकते हैं। उम्मीदवार जारी की गई ऑनलाइन भुगतान विकल्पों जैसे यूपीआई,नेट बैंकिंग,क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड का यूज करके आवेदन कर सकते हैं।

आखिरी विदाई देने पहुंचेंगे 2 करोड़ लोग!

मौत के तीन महीने बाद अब सुपुर्द-ए-खाक होंगे खामेनेई

एजेंसी ▶▶| तेहरान

ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की 28 फरवरी को मौत हो गई थी। उनकी मौत के 3 महीने से भी ज्यादा समय के बाद अब उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। ईरान की सरकार ने खामेनेई के जनाजे के लिए तीन दिनों के राजकीय शोक और सार्वजनिक अंतिम संस्कार का ऐलान किया है। अयातुल्ला अली खामेनेई की याद में होने वाले इस अंतिम संस्कार को लेकर देश के कई बड़े शहरों में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

तेहरान के डिप्टी मेयर मोहम्मद अमीन तवाकोली-जादेह ने इस पूरे कार्यक्रम की व्यवस्थाओं की जानकारी दी है। ईरान के सरकारी प्रसारक आईआरआईबी से बात करते हुए डिप्टी मेयर तवाकोली-जादेह ने बताया कि खामेनेई की अंतिम विदाई यात्रा देश के कई बड़े शहरों से होकर गुजरेगी।

तीन शहरों में निकलेगा शोक जुलूस

अयातुल्ला अली खामेनेई का ये शोक जुलूस राजधानी तेहरान के साथ-साथ देश के बड़े धार्मिक केंद्रों 'कोम' और 'मशहद' में निकाला जाएगा। इन तीनों ही शहरों में आम जनता के लिए बड़े पैमाने पर पब्लिक रैलियां और प्रार्थना सभाएं आयोजित की जाएंगी।

तेहरान में 24 घंटे चलेगा मुख्य कार्यक्रम

खामेनेई के अंतिम संस्कार का सबसे बड़ा कार्यक्रम राजधानी तेहरान में आयोजित होगा। अकेले तेहरान में ही ये मुख्य समारोह लगातार कम से कम 24 घंटे तक चलेगा। इस ऐतिहासिक और बेहद भावुक मौके पर राजधानी में सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। नगर पालिका के अधिकारियों का अनुमान है कि अपने सर्वोच्च नेता को अंतिम विदाई देने के लिए तेहरान में करीब 2 करोड़ लोग इकट्ठा हो सकते हैं। इतनी भारी भीड़ को संभालने और उनके ठहरने के लिए बड़े पैमाने पर साजो-सामान और सुरक्षा की तैयारियां की जा रही हैं।

टॉय ट्रेन ने मई में कमाए रिकॉर्ड 395 लाख रुपये

दार्जिलिंग। गर्मी की छुट्टियों में पहाड़ों पर पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ने से दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे (डीएचआर) को बहुत फायदा हुआ है। दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे ने मई महीने में अब तक की सबसे ज्यादा कमाई कर ली है। टॉय ट्रेन ने मई 2026 में रिकॉर्ड 395.60 लाख रुपये कमाए हैं। पीटीआई की खबर के मुताबिक, रेलवे अधिकारी ने बुधवार को बताया कि कमाई का यह आंकड़ा पिछले साल के रिकॉर्ड को भी पार कर गया है। मई 2025 में टॉय ट्रेन ने 358.60 लाख रुपये कमाए थे, जो अब टूट गया है। रेलवे अधिकारी ने जानकारी दी कि पिछले पांच साल से मई महीने में टॉय ट्रेन की कमाई लगातार बढ़ रही है। सिर्फ 2024 में थोड़ी कमी आई थी क्योंकि उस समय लोकसभा चुनाव चल रहे थे।

'डॉन 3' को लेकर फरहान अख्तर से चल रहा है विवाद

रणवीर पर लगा 'बैन' हटा वापस लिया गया फैसला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

'डॉन 3' को लेकर रणवीर सिंह और फरहान अख्तर के बीच उपजा विवाद अब सुलझता नजर आ रहा है। एफडब्लूआईसीई ने इस मामले में रणवीर को लेकर एक अहसयोग निर्देश (एनसीडी) जारी किया था, जिसे अब तत्काल प्रभाव से वापस ले लिया गया है। ऐसा एफडब्लूआईसीई ने आईएमपीपीए, प्रोड्यूसर्स गिल्ड और सीआईएनटीएए के हस्तक्षेप के बाद किया है। एनसीडी वापस लेने का फैसला रणवीर सिंह के एफडब्लूआईसीई को कानूनी नोटिस भेजे जाने के बाद लिया गया है। एफडब्लूआईसीई के अध्यक्ष बीएन तिवारी ने मीडिया से बातचीत में कहा, 'आईएमपीए, प्रोड्यूसर्स गिल्ड और

सीआईएनटीएए के अनुरोध के बाद हम अपना असहयोग निर्देश तत्काल प्रभाव से वापस ले रहे हैं। हमें बताया गया है कि हम सभी को प्रोड्यूसर्स बॉडी के साथ बैठकर एक उचित निर्णय लेना चाहिए, जिससे न तो प्रोड्यूसर्स, न ही डायरेक्टर्स और न ही एक्टर को कोई समस्या हो। इस मामले में किसी की जीत या हार नहीं हुई है। हमारा कानूनी विभाग उनके कानूनी नोटिस का जवाब देगा।'

'डॉन 3' पर कब और क्यों हुआ विवाद?

मालूम हो कि साल 2023 में फरहान अख्तर ने 'डॉन 3' का ऐलान किया था। दिसंबर 2025 में जब रणवीर सिंह ने 'धुरंधर' की सफलता के बाद 'डॉन 3' छोड़ दी थी। इस मामले में फरहान अख्तर ने मई 2026 में एफडब्लूआईसीई को अप्रोच किया, और दावा किया कि रणवीर के 'डॉन 3' छोड़ने से उन्हें 45 करोड़ का नुकसान हुआ है। इसके लिए फरहान की कंपनी ने खर्चे के सारे सबूत भी दिए थे। साथ ही उन शिकायतों के जवाब भी दिए, जिनके कारण रणवीर सिंह को 'डॉन 3' से बाहर होना पड़ा था।

मालवीय नगर हादसे से लें सबक, जानिए कुछ काम की बातें, करें जांच-पड़ताल

होटल में रुकने से पहले जानें फायर सेफ्टी गाइडलाइंस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अक्सर लोग जब किसी शहर में होटल बुक करते हैं, तो वे वहां की सजावट, वाई-फाई और रील्स बनाने के लिए अच्छे व्यूज देखते हैं, लेकिन सुरक्षा को नजरअंदाज कर देते हैं। दिल्ली के मालवीय नगर में स्थित एक होटल में लगी आग ने एक झटके में 21 लोगों का जिंदगी खत्म कर दी। इस तरह के हादसे से हमें सबक लेने की जरूरत है कि जब भी हम किसी होटल या होम स्टे में ठहरने का प्लान बनाएं तो पूरी जांच पड़ताल बेहद जरूरी है, क्योंकि ये मामला हमारी जिंदगी से जुड़ा हुआ है।

दिल्ली में हुए हादसे में गई है कई लोगों की जान

चेक-इन के तुरंत बाद करें ये काम

जैसे ही आप किसी होटल के कमरे में एंट्री करें अपना सामान रखने के बाद सबसे पहले 2 मिनट अपनी सुरक्षा की जांच को दें। हर होटल के कमरे के दरवाजे के पीछे एक इमरजेंसी इवैक्युएशन मैप लगा होता है। उसे ध्यान से देखें और समझें कि आपके कमरे से सबसे नजदीकी फायर एग्जिट किस तरफ है, इसके अलावा, कमरे की छत पर लगे स्मोक डिटेक्टर और वॉटर स्प्रिंकलर पर नजर जरूर डालें। अगर आपको लगे कि आपातकालीन सीढ़ियों के रास्ते में होटल स्टाफ ने गद्दे, कुर्सियां या कोई कबाड़ रखा है, तो तुरंत मैनेजर से शिकायत कर उसे साफ करवाएं।

होटल बुक करते समय यह करें

आजकल हम होटलों की बुकिंग केवल ऑनलाइन स्टार रेटिंग्स और आकर्षक तस्वीरों को देखकर कर लेते हैं। अब समय आ गया है कि हम एक जिम्मेदार और जागरूक ग्राहक बनेंष होटल बुक करने से पहले उनके रिव्यूज में सेफ्टी स्टैंडर्ड्स को भी पढ़ें। अगर संभव हो, तो होटल प्रशासन से पूछें कि क्या उनके पास वैध 'फायर एनओसी' है? जब तक ग्राहक खुद होटल मालिकों से सुरक्षा पर सवाल नहीं करेंगे और असुरक्षित जगहों पर रुकना बंद नहीं करेंगे, तब तक प्रशासन और मैनेजमेंट की नींद नहीं टूटेगी।

पैनिक होने के बजाय यह करें

आग लगने की स्थिति में सबसे पहला नियम है घबराएं नहीं, हड़बड़ाहट में लोग गलत फैसले लेते हैं, अगर गलियारे में धुआं फैल चुका है, तो कभी भी लिफ्ट का इस्तेमाल न करें, क्योंकि बिजली कटने पर आप उसमें फंस सकते हैं और लिफ्ट का शाफ्ट चिमनी की तरह काम करता है, जिससे उसमें तेजी से धुआं भरता है। बाहर निकलने के लिए हमेशा सीढ़ियों का इस्तेमाल करें।

राजस्थान की घटना

ट्रोलिंग से परेशान होकर सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर ने खाया जहर

एजेंसी ▶▶| जोधपुर

जोधपुर, राजस्थान में सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग से परेशान होकर महिला इन्फ्लूएंसर ने अपने घर में जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें तुरंत मथुरादास माथुर हॉस्पिटल में भर्ती करवाया, जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना बुधवार सुबह करीब 11:30 बजे बनाड़ थाना क्षेत्र के शिकारगढ़ स्थित गोदारों की ढाणी (बालाजी फार्म हाउस) की है। इन्फ्लूएंसर (कंटेंट क्रिएटर) अनीता बिश्नोई ने यह कदम उठाने से करीब 5 घंटे पहले सोशल मीडिया (फेसबुक) पर एक पोस्ट भी किया था। इसमें लिखा था- 'आज के बाद आपकी बहन इस दुनिया में नहीं दिखेगी।' अनीता के पति दीनाराम ने कहा- उसने एक वीडियो बनाया था, जिसमें महिलाओं की वेशभूषा का जिक्र किया था। इसी बात को लेकर उसे लगातार ट्रोल किया जाने लगा। पिछले कुछ दिनों से कुछ इन्फ्लूएंसर लगातार उसे टारगेट करके परेशान कर रहे थे।

- कुछ इन्फ्लूएंसर बदनाम करने की दे रहे थे धमकी

रुपया 31 पैसे कमजोर होकर 95.67 प्रति अमेरिकी डॉलर

मुंबई। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) द्वारा श्रम उल्लंघनों का हवाला देते हुए भारतीय आयात पर 12.5 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने के प्रस्ताव के बाद बुधवार को रुपया 31 पैसे टूटकर 95.67 प्रति डॉलर पर रहा। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, अमेरिका-ईरान के बीच तनाव और विदेशी कोषों की भारी निकासी ने भी निवेशकों के विश्वास को और कमजोर कर दिया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.43 के भाव पर खुला और कारोबार के दौरान 95.80 के निचले स्तर पर रहा और कारोबार के अंत में 95.67 (अस्थायी) पर रहा।

एशिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति नहीं रहे मुकेश अंबानी, चीनी अरबपति ने पछाड़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बाइटडांस कंपनी की कीमत बढ़ने और उसके एआई चैटबॉट की सफलता से झांग यिमिंग मुकेश अंबानी को पीछे छोड़कर एशिया के दूसरे सबसे अमीर बन गए हैं। ब्लूमबर्ग के मुताबिक, झांग के पास अब 92.8 अरब डॉलर हैं। वह चीन के सबसे अमीर व्यक्ति हैं। 2019 में उनके पास सिर्फ 13 अरब डॉलर थे।

- पहले स्थान पर 117 अरब डॉलर नेटवर्थ के साथ अदाणी एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति

यानी उनकी दौलत सात गुना से भी ज्यादा बढ़ गई है। बता दें 117 अरब डॉलर के नेटवर्थ के साथ गौतम अदाणी दुनिया के अरबपतियों की लिस्ट में तो 17वें स्थान पर हैं, लेकिन उनके सिर पर एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति का ताज बरकरार है।

पहले मुकेश अंबानी के सिर पर कई वर्षों तक एशिया के सबसे रईस का ताज था। कुछ महीने पहले ही इनसे यह ताज अदाणी ने छीन लिया और अंबानी एशिया के दूसरे नंबर के रईस बन गए। अब यह पोजीशन भी उनकी चली गई।

अमीरों में घटा अंबानी का रुतबा

यही नहीं, दुनिया के अरबपतियों की लिस्ट में अंबानी अब 4 पायदान नीचे 25वें स्थान पर चले गए हैं। इसकी वजह एक ही दिन में झांग की दौलत में 24.1 अरब डॉलर की छलांग, जेफ यास की दौलत में 7.56 अरब डॉलर, डेविड सुन की दौलत में 2.75 अरब डॉलर और झान तू की दौलत में 2.75 अरब डॉलर की उछाल है। ये चारों अब अंबानी से ऊपर पहुंच गए हैं।

बाइटडांस कंपनी की कीमत बढ़ने से झांग यिमिंग एशिया के दूसरे सबसे अमीर बने

अमेरिका में टिकटॉक का मामला सुलझा

टिकटॉक के अमेरिकी व्यापार को ओरेकल, सिल्वर लेक और अबू धाबी के एमजीएक्स को दे दिया गया। इससे कई सालों से चली आ रही अनिश्चितता खत्म हुई। आलोचक टिकटॉक को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बता रहे थे।

एआई पर बड़ा दांव

अब बाइटडांस एआई पर जोर लगा रहा है। ब्लूमबर्ग की खबर के अनुसार, कंपनी इस साल 70 अरब डॉलर तक खर्च करने की बात कर रही है। इससे चीन के एआई बाजार में कंपनी सबसे आगे रहेगी और अमेरिकी कंपनियों को टक्कर देगी। यह पैसा 2025 में कंपनी द्वारा कमाए गए करीब 50 अरब डॉलर के मुनाफे से आएगा।

मुकेश अंबानी. झांग यिमिंग.

चीन की सबसे बड़ी निजी कंपनी : बाइटडांस चीन की सबसे चर्चित निजी कंपनी है। दोउबाओ इतना सफल हुआ कि कंपनी अब उसके लिए पैसे लेने की तैयारी कर रही है। चीन में लोग ऑनलाइन सेवाओं के लिए पैसे देने को तैयार नहीं होते, इसलिए यह बड़ी बात है। कंपनी को भविष्य में शेयर बाजार में उतरने की भी उम्मीद है।

झांग को 24 अरब डॉलर का फायदा

ब्लूमबर्ग ने ब्लैकरॉक, फिडेलिटी, टी. रो प्राइस, एचएसजी और जनरल अटलांटिक जैसे निवेशकों के मूल्यांकन देखे। इसके बाद झांग की दौलत में 24 अरब डॉलर से अधिक का उछाल आया। झांग के ऊपर अचानक हुई डॉलर की बारिश यूं ही नहीं हुई। इसमें टिकटॉक ऐप की लोकप्रियता और एआई चैटबॉट 'दोउबाओ' का बड़ा योगदान है। दोउबाओ हर महीने 30 करोड़ लोग इस्तेमाल करते हैं। यह चीन का सबसे पसंदीदा चैटबॉट है। बाइटडांस ने इसी साल अपने अमेरिका के कुछ कामकाज वहां के निवेशकों को बेच भी दिए थे।

खबरों के बाद आरबीआई ने जारी किया स्पष्टीकरण

सोना बेचने की खबरें गलत, भौतिक भंडार 880 टन पर स्थिर : आरबीआई

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोने की बिक्री की खबरों को बुधवार को खारिज करते हुए कहा कि भौतिक स्वर्ण भंडार में कोई बदलाव नहीं हुआ है और यह 880.52 टन पर स्थिर बना हुआ है। आरबीआई ने उन खबरों के बाद यह स्पष्टीकरण जारी किया है जिनमें दावा किया गया था कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के प्रभाव से विदेशी मुद्रा भंडार की रक्षा के लिए केंद्रीय बैंक ने लगभग 12 अरब डॉलर मूल्य का सोना बेच दिया है।

आरबीआई जोर देकर कहता है कि ये खबरें सही नहीं हैं।'' उसने आम जनता को सलाह दी कि ऐसे मामलों में समय-समय पर आरबीआई द्वारा जारी आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें। इस बीच, पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने भी इन खबरों पर तथ्य आधारित जांच (फैक्ट-चेक) रिपोर्ट जारी की।

खास बातें

- विदेशी मुद्रा भंडार की रक्षा के लिए बेचने का लगा था आरोप
- केंद्रीय बैंक ने 12 अरब डॉलर मूल्य का सोना बेच दिया है
- भौतिक स्वर्ण भंडार में कोई बदलाव नहीं हुआ है

सोने की हिस्सेदारी 22 मई 2026 तक 16.85 प्रतिशत

आरबीआई के अनुसार, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में सोने की हिस्सेदारी सितंबर, 2025 के अंत में 13.92 प्रतिशत से बढ़कर 31 मार्च, 2026 को 16.70 प्रतिशत और 22 मई, 2026 तक 16.85 प्रतिशत हो गई है। भारतीय रिजर्व बैंक के पास 31 मार्च, 2026 तक कुल स्वर्ण भंडार 880.52 टन था, जो 31 मार्च, 2025 के 879.58 टन की तुलना में 0.94 टन अधिक है।

रुपया एशिया की सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाली मुद्रा

आरबीआई आमतौर पर डॉलर के मुकाबले रुपये के मूल्य में अत्यधिक उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने के लिए अपने विदेशी मुद्रा भंडार का उपयोग करता है। रुपया 20 मई, 2026 को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 33 पैसे टूटकर 96.86 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था। वैश्विक दबाव के बीच रुपया इस वर्ष एशिया की सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाली मुद्राओं में से एक बन गया है।

312.32 टन सोना निर्गम विभाग की परिसंपत्ति के रूप में

आरबीआई की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, 880.52 टन में से 312.32 टन सोना निर्गम विभाग की परिसंपत्ति के रूप में रखा गया है जबकि 31 मार्च, 2025 को यह 311.38 टन था। शेष 568.20 टन (जो 31 मार्च 2025 के समान है) बैंकिंग विभाग की परिसंपत्ति के रूप में दर्ज है।

सोने के मूल्य में 63 फीसदी की वृद्धि

रिपोर्ट में कहा गया, '' बैंकिंग विभाग की परिसंपत्ति के रूप में रखे गए सोने (स्वर्ण जमा सहित) का मूल्य 31 मार्च, 2025 के 4,31,624.80 करोड़ रुपये से बढ़कर 31 मार्च, 2026 को 7,06,162.36 करोड़ रुपये हो गया, जो 63.6 प्रतिशत की वृद्धि है।'' इस वृद्धि की मुख्य वजह सोने की कीमतों में बढ़ोतरी और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट है।

रुपया सात फीसदी तक टूट चुका

रुपया वर्तमान में लगभग सात प्रतिशत (2026 में अब तक) टूट चुका है और फरवरी के अंत में ईरान संघर्ष शुरू होने के बाद से करीब छह प्रतिशत कमजोर हुआ है। यह दबाव महंगे कच्चे तेल, पूंजी निकासी, बढ़ते व्यापार घाटे और मजबूत अमेरिकी डॉलर के कारण बना हुआ है।

एनएमडीसी ने अयस्क की कीमतें 200 रुपए, फाइन की 150 रुपए प्रति टन बढ़ाईं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र खनन कंपनी एनएमडीसी ने बुधवार को लौह अयस्क की कीमतें 200 रुपये प्रति टन और फाइन की कीमतें 150 रुपये प्रति टन बढ़ा दीं। यह बढ़ोतरी तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। मौजूदा तिमाही में यह तीसरी बढ़ोतरी है।

देश की सबसे बड़ी लौह अयस्क खनन कंपनी एनएमडीसी ने एक नियामकीय सूचना में बताया कि उसने बैला लंप अयस्क की कीमत 5,700 रुपये प्रति टन और फाइन की कीमत 4,850 रुपये प्रति टन तय की है। लंप अयस्क या उच्च-श्रेणी के लौह अयस्क में 65.5 प्रतिशत लौह तत्व होता है, जबकि फाइन निम्न-श्रेणी के अयस्क होते हैं जिनमें 64 प्रतिशत या उससे कम लौह तत्व होता है। तीन जून से प्रभावी नई कीमतों में रॉयल्टी, जिला खनिज कोष (डीएमएफ), राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट (डीएमईटी) शामिल नहीं हैं; साथ ही इनमें उपकर, वन परमिट शुल्क, पारगमन शुल्क, जीएसटी, पर्यावरण उपकर और अन्य कर भी शामिल नहीं हैं। लौह अयस्क और कोकिंग कोयला दो ऐसे बुनियादी कच्चे माल हैं जिनका उपयोग ब्लास्ट फर्नेस विधि से इस्पात के निर्माण में किया जाता है।

- यह बढ़ोतरी तत्काल प्रभाव से लागू हो गई
- मौजूदा तिमाही में यह तीसरी बढ़ोतरी है

इनकी कीमतों में होने वाले किसी भी बदलाव का सीधा असर इस्पात की दरों पर पड़ता है। इस्पात का व्यापक उपयोग निर्माण, बुनियादी ढांचा, वाहन और रेलवे जैसे क्षेत्रों में किया जाता है। एनएमडीसी द्वारा की गई यह नवीनतम मूल्य समीक्षा, मौजूदा तिमाही के दौरान लौह अयस्क और फाइन की कीमतों में की गई तीसरी बढ़ोतरी है।

ऐश्वर्या राव बनी जेडब्ल्यू मैरियट की ब्रांड एंबेसडर

नई दिल्ली। होटल ब्रांड जेडब्ल्यू मैरियट ने अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन को अपना वैश्विक ब्रांड एम्बैसडर नियुक्त करने की बुधवार को घोषणा की। मैरियट बोनवॉय के वैश्विक ब्रांड पोर्टफोलियो का हिस्सा जेडब्ल्यू मैरियट दुनिया भर में 130 से अधिक संपत्तियों का संचालन करती है, जिसमें भारत इसके सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में शामिल हैं। भारत मैरियट इंटरनेशनल के लिए एक रणनीतिक प्राथमिकता बना हुआ है, जहां प्रमुख शहरों और रिजॉर्ट स्थलों में इसकी मजबूत मौजूदगी है।

एयर इंडिया का भवन 1601 करोड़ रुपए में अधिग्रहित

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार ने दक्षिण मुंबई के प्रतिष्ठित एयर इंडिया भवन का औपचारिक रूप से 1,601 करोड़ रुपये में अधिग्रहण कर लिया। एयर इंडिया एसेट्स होल्डिंग कंपनी और राज्य के पीडब्ल्यूडी के बीच समझौते का हस्तांतरण राज्य सचिवालय ''मंत्रालय'' में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की उपस्थिति में पूरा किया गया।

राशिफल

मेष — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवन साथी के स्वास्थ का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

वृष — धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

मिथुन — मन प्रसन्न रहेगा। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

कर्क — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

सिंह — नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी।

कन्या — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए भी विदेश जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं।

तुला — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

वृश्चिक — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे।

धनु — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। कारोबार में उतार-चढ़ाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं पर नियंत्रण बनाकर रखें।

मकर — शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

कुंभ — भागदौड़ अधिक रहेगी। परन्तु किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सफलता के भी योग हैं।

मीन — मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी।

कार्यालय नगर पालिका परिषद कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

क्रमांक /851/ तक. शा. / न.पा.प./2026 कटघोरा, दिनांक 02.06.2026

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

आवश्यकता है-बिलासपुर जांजगीर जिलों में सुरक्षा गार्ड, सुपरवाईजर, माली, जेम टेंडर अनुभवी की आवश्यकता है। (पीएफ ईएसआई मेडिकल आवास सुविधा फ्री) सम्पर्क करें- सिद्धी विनायक सिक्यूरिटी, राजेंद्र नगर बिलासपुर 91111 75190, 9098318675 (40952)

आवश्यकता है- मेडिकल एजेन्सी में कार्य करने हेतु कम्प्यूटर आपरेटर लड़के की आवश्यकता है सम्पर्क करें- मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर 7974670905 (41026)

आवश्यकता है- मार्केटिंग के लिए सेल्समैन एवं दुकान में कार्य के लिए कर्मचारी की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- श्री गणपति ट्रेडर्स, मंगला चौक, बिलासपुर 92016 66660 (41028)

आवश्यकता है- रेस्टोरेन्ट हेतु फ्राई पेन मिस्त्री, तंदूर रोटी कारीगर, मार्केटिंग स्टोर हेतु युवक (स्वयं का वाहन), वेटर, हेल्पर लड़के/ लड़कियां चाहिए। (खाना रहना फ्री) सम्पर्क करें- मुर्ग मसल्लम रेस्टोरेन्ट बिलासपुर 78791 21999 (14744)

आवश्यकता है- अनुभवी OT टेक्नीशियन, अनुभवी X-ray टेक्नीशियन, अनुभवी (Male, Female) नर्सिंग स्टाफ, अनुभवी फार्मासिस्ट (मेडिकल स्टोर हेतु) आवश्यकता है। सम्पर्क करें- प्रभा हॉस्पिटल, महामाया चौक, रतनपुर रोड, लोधीपारा सरकंडा बिलासपुर 74709 46314 (894)

आवश्यकता है-हमारी कंस्ट्रक्शन और इंटीरियर डिजाइनिंग फर्म को बिलासपुर में अनुभवी साइट सुपरवाइजर चाहिए। जुड़िए हमारे प्रोजेक्ट्स से। सैलरी अनुभव के अनुसार होगी। सम्पर्क करें- दोपहर 12 से 4बजे तक 9644328389 (882)

आवश्यकता है- होलसेल मेडिकल एजेन्सी में कार चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार। लाइसेन्स, बायोडाटा, आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- नेशनल मेडिकोज, नागरिक सहकारी बैंक के पास, बृहस्पति बाजार 8098797774 (41029)

आवश्यकता है-Home Care Services, Mangla Chowk, Bilaspur में Office Boy की अतिशीघ्र आवश्यकता। रहने, खाने की सुविधा उपलब्ध। वेतन योग्यता अनुसार। इच्छुक उम्मीदवार सम्पर्क करें- 9244664654, 9109511248 (1495)

आवश्यकता है-फोटो स्टूडियो में कम्प्यूटर एवं फोटोकॉपी कार्य करने हेतु लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। इच्छुक उम्मीदवार सम्पर्क करें-अशोक नगर सरकंडा बिलासपुर 6260689286 (41021)

आवश्यकता है-सेनेटरी दुकान में कार्य करने हेतु महिला कर्मचारी 1पद एवं महिला अकाउंटेंट 1पद की आवश्यकता है सम्पर्क करें- जय श्री कृष्ण ट्रेडिंग त्रिवेणी भवन मार्ग व्यापार विहार बिलासपुर 9425219302 (886)

आवश्यकता है-रिसेप्शनिस्ट एवं नर्सिंग स्टाफ (फीमेल) की आवश्यकता है (समय सुबह 10बजे से रात 9बजे) वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क करें- स्किन क्योर क्लीनिक ग्राउंड फ्लोर, नारायण प्लाजा लिंक रोड बिलासपुर 95060 60404, 7828093301 (41022)

आवश्यकता है-यश सुपर बाजार में काम करने के लिए लड़की और लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- रिंग न-2, गौरव पथ, महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर (41014)

आवश्यकता है-होलसेल मेडिकल दुकान हेतु अनुभवी सेल्समेन, माल निकालने हेतु लड़के/ लड़की, अनुभवी लोकल में माल छोड़ने हेतु, पैकिंग हेतु लड़को की। बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- जगत एजेन्सी/ ट्रेडर्स तेलीपारा बिलासपुर (41020)

आवश्यकता है-रात (नाइट ड्यूटी) में काम करने के लिए वेटर की आवश्यकता है ग्रामीण को रहने की सुविधा। आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- किरण लॉज गांधी चौक बिलासपुर (884)

आवश्यकता है-सर्जिकल ऑफिस में सामान छोड़ने, लाने हेतु लड़की/ लड़कों (योग्यता 10वीं, 12वी, स्वयं की बाइक अनिवार्य) एवं ड्राईवर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- श्रीविनायक सेल्स ए/158, अज्ञेय नगर बिलासपुर 98933 67787 (5371)

आवश्यकता है-भिलाई नेहरू नगर में घरेलू कार्य करने के लिए दो महिला सहायिकायों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार एवं आवास, भोजन की सुविधा निःशुल्क। इच्छुक महिलाएं सम्पर्क करें- 87709 26641 (41017)

आवश्यकता है-थोक स्टेशनरी दुकान में काम करने के लिए मेहनती लड़कों एवं ड्राइवर की अतिशीघ्र आवश्यकता है सम्पर्क करें- राधे श्याम स्टेशनरी सरजू बगीचा रोड तेलीपारा बिलासपुर (40884)

आवश्यकता है-औद्योगिक क्षेत्र हेतु मार्केटिंग ऑफिसर, यूनिट सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, एक्समेन, लेडीस गार्ड, कम्प्यूटर ऑपरेटर योग्यता 8वीं से स्नातक वेतन 10000 से 30000, सुविधा- ईपीएफ, रहने, खाने की सुविधा सम्पर्क करें- भारती सिक्योरिटी सर्विस कैपिटल प्लाजा 411, लालपुर रायपुर 9302390554,93438 09026 (031)

आवश्यकता है-ढाबा में सप्लायर, हेल्पर, तन्दूर मास्टर, हेड मिस्त्री, बर्तन धोने वाले की आवश्यकता है सम्पर्क करे- सुबह 11 से रात 11, रायपुर रोड, हाईकोर्ट के आगे, बोदरी बिलासपुर 7000942962, 9098976666 (41015)

आवश्यकता है-थोक स्टेशनरी दुकान में काम करने के लिए मेहनती लड़कों की अतिशीघ्र आवश्यकता है सम्पर्क करें- राधे श्याम स्टेशनरी सरजू बगीचा रोड तेलीपारा बिलासपुर (40884)

आवश्यकता है-बिलासपुर लॉज में मैनेजर (1पद, आयु 25वर्ष से ऊपर, वेतन 10000 से ऊपर योग्यता/ समयानुसार) अनुभवी बिजली मिस्त्री, स्वीपर/ हाउस कीपिंग हेतु पुरुष की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9406390898, 98279 40898 (41004)

आवश्यकता है-UTN Shop में सर्वे कार्य करने हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। मासिक सैलरी 10000 से 15000, पता- शॉप नम्बर FS16 प्रथम तल, सीएलसी प्लाजा मंगला चौक बिलासपुर 7806007192, 7999594790 (40991)

आवश्यकता है-यूनिवर्सिटी का पीजीडीसीए कोर्स और टेली के साथ जीएसटी पढ़ाने हेतु प्रशिक्षक की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- ग्लोबल कम्प्यूटर्स मेन रोड मसानगंज बिलासपुर दीपाली-92440 82366 (881)

बेचना है

बेचना है-चकरभाठा से लेकर बिल्हा रोड के बीच में ग्राम पंचायत रहंगी (चकरभाठा) मेन रोड से लगा 13 डिसमिल डायवर्टेड जमीन मकान बनाने हेतु उपयुक्त बेचना है सम्पर्क करें- 8889919703, 91319 32797 (41027)

बेचना है- नागोराव शेष स्कूल कॉम्प्लेक्स मेन रोड जूना बिलासपुर स्थित दुकान नम्बर-2, साइज- 11×22 अतिशीघ्र बेचना है सम्पर्क करें- 9340193393 (41034)

बेचना है-खमतराई रोड पर स्थित आर.डी. हाइट्स के प्रथम तल पर निर्मित 1050 वर्गफुट में बना सर्व सुविधा युक्त 3BHK फ्लैट तत्काल बेचना है। सम्पर्क करें- 7999037885, 9407698836 (41012)

बेचना है- प्लाट बेचना है मेन एनटीपीसी सीपत रोड में मोपका मेन रोड में 60×200= 12000 वर्गफीट कमर्शियल प्लाट बेचना है सम्पर्क करें- 9202479945 7828539364 (41025)

किराया

किराया- गंगा नगर फेस-1 में 36 सिटी मॉल के बाजू में 3बेडरूम, हाल, किचन, 2बाथरूम पोर्च, आंगन, बोर सहित मकान किराए से शासकीय कर्मचारी को देना है सम्पर्क करें- 7389343633, 9340821606 (41035)

शैक्षणिक

प्रवेश प्रारंभ-फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करेः- B.A, B.Com, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A M.Com, M.Sc, MBA, MSW, B.Lib, M.Lib, DCA, PGDCA, Poly-technic, B.Tech, अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा सम्पर्क करें- Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai 9826196515, 9826896515 (4154)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

Medicare Specialists
छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

फीफा विश्व कप : भारतीय मूल के चार खिलाड़ी दिखाएंगे जलवा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के लिए फीफा विश्व कप में खेलना अब भी दूर की कौड़ी बनी हुई है लेकिन अमेरिका में 11 जून से शुरू होने वाले फुटबॉल के सबसे बड़े टूर्नामेंट में भारतीय मूल के चार खिलाड़ी अपना जलवा दिखाने के लिए तैयार हैं। यह चार खिलाड़ी सरप्रीत सिंह, सैमुअल मौतौसामी, निशान वेलुपिल्ले और तहसीन मोहम्मद हैं, जो फ्रांस के मिडफील्डर विकास धोरासू के नक्शेकदम पर चल रहे हैं। धोरासू जर्मनी में 2006 के विश्व कप में खेले थे। धोरासू के पूर्वज आंध्र प्रदेश के विजयनगरम की रहने वाले थे। इस सूची में शामिल होने वाले चार अन्य खिलाड़ियों पर एक नजर।

सरप्रीत सिंह (न्यूजीलैंड)

ऑकलैंड में पंजाबी माता-पिता के घर जन्मे सरप्रीत 2018 में मुंबई में अंतरमहाद्वीपीय कप के दौरान भारत में भी खेले थे। उन्होंने उसी वर्ष न्यूजीलैंड के लिए पदार्पण किया था। भारत ने तब खिताब जीता जबकि न्यूजीलैंड चार देशों के इस टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रहा। इसके एक साल बाद सरप्रीत जर्मन की पहली डिवीजन लीग में खेलने वाले भारतीय मूल के पहले खिलाड़ी बने। उन्होंने 2019 में बायर्न म्यूनिख की तरफ से पदार्पण किया। वह ऑस्ट्रेलियाई ए-लीग टीम वेलिंगटन फीनिक्स से बायर्न म्यूनिख में शामिल हुए थे। सरप्रीत ने 20 जून, 2020 को एससी फ्रीबर्ग के खिलाफ बायर्न म्यूनिख के लिए अपना पहला सीनियर मैच खेला। वह उस टीम का हिस्सा थे, जिसने 2019-2020 सत्र में बुंडेसलीगा का खिताब जीता था।

अमेरिका में 11 जून से शुरू होगा फुटबॉल का महाकुंभ

सैमुअल मौतौसामी (कांगो)

मौतौसामी का जन्म फ्रांस में हुआ था। उनकी माता कांगो मूल और पिता तमिल मूल के हैं। 29 वर्षीय मिडफील्डर वर्तमान में यूनान के सुपर लीग क्लब एटरोमिटोस के लिए खेल रहा है। वह कांगो की सीनियर राष्ट्रीय टीम की तरफ से अब तक 57 मैच खेल चुके हैं।

निशान वेलुपिल्ले (ऑस्ट्रेलिया)

निशान वेलुपिल्ले की मां एंग्लो-इंडियन और पिता श्रीलंकाई मूल के तमिल हैं। यह 25 वर्षीय विंगर ऑस्ट्रेलिया की 26 सदस्यीय टीम के उन 17 खिलाड़ियों में से एक हैं, जो फीफा विश्व कप में अपना पदार्पण करेंगे। वह ऑस्ट्रेलिया की शीर्ष स्तरीय ए-लीग में मेलबर्न विक्ट्री के लिए खेलते हैं। उन्होंने अक्टूबर 2024 में विश्व कप क्वालीफाइंग राउंड के दौरान ऑस्ट्रेलिया के लिए पदार्पण किया।

तहसीन मोहम्मद (कतर)

तहसीन का जन्म दोहा में मलयाली माता-पिता के घर हुआ था, जो 2006 में कन्नूर से कतर चले गए थे। वह 16 जून को 20 साल के हो जाएंगे। तहसीन के पिता जमशेद कालीकट विश्वविद्यालय के पूर्व खिलाड़ी थे। कतर में अकाउंटेंट जमशेद थालास्सेरी के रहने वाले हैं और उनकी मां श्यामा कन्नूर के पास वालापट्टनम की रहने वाली हैं। तहसीन ने दोहा स्थित एस्पायर अकादमी में अपने फुटबॉल कौशल को निखारा और कतर स्टार्स लीग में खेलने वाले भारतीय मूल के पहले खिलाड़ी बने। अभी वह अल दुहैल एससी के लिए खेलते हैं। विंगर तहसीन ने फीफा विश्व कप के एशियाई क्वालीफायर ग्रुप मैच के दौरान 2024 में अफगानिस्तान के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में पदार्पण किया।

खबर संक्षेप

भारत ने दनादन दागे 25 गोल सिंगापुर को दी शिकस्त

काकामिगाहारा। पहले ही सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुके भारत ने महिला अंडर-18 एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता के पूल ए के अपने अंतिम मैच में सिंगापुर को 25-0 से करारी शिकस्त दी। इस जीत से भारत ने पूल ए में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने सिंगापुर के खिलाफ शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाया। उसकी कम से कम 10 खिलाड़ियों ने गोल किए, जिनमें नौशीन नाज सबसे आगे रहीं। मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रही गीताश्री नाम्मी ने पांच गोल किए, जबकि कप्तान स्वीटी कुजुर ने चार गोल का योगदान दिया। प्रियंका मिंज ने भी हैट्रिक बनाई। उनके अलावा दीया (27वें), नैन्सी सरोहा (36वें), श्रुति कुमारी (40वें), पुष्पा मांझी (47वें), रशमीन कौर (47वें) और संदीपा कुमारी (51वें) ने भी स्कोरशीट में अपना नाम लिखवाया।

एशियाई रिले : गुरविंदरवीर करेंगे दल की अगुवाई

नई दिल्ली। पुरुषों की 100 मीटर दौड़ के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुरविंदरवीर सिंह 20 और 21 जून को चीन के शांग्यू में होने वाली दूसरी एशियाई रिले चैंपियनशिप में भारत की 29 सदस्यीय मजबूत टीम की अगुआई करेंगे। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के अध्यक्ष बहादुर सिंह ने बताया कि एएफआई की चुनी भारतीय टीम के सदस्य सभी छह रिले स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा, 'चीन में होने वाली यह प्रतियोगिता एथलीटों के लिए महाद्वीपीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का एक अच्छा मौका होगी।' एशियाई रिले चैंपियनशिप का तीसरा सत्र चंडीगढ़ में आयोजित किया जाएगा।

चीनी ताइपे को हराकर सेमीफाइनल में भारत

काकामिगाहारा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को अपने आखिरी पूल ए मैच में चीनी ताइपे को 13-1 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया और अंडर-18 एशिया कप 2026 के सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारत ने कजाखस्तान, कोरिया और चीनी ताइपे के खिलाफ जीत के साथ अपने पूल मैच खत्म किए जबकि मेजबान जापान से उसे हार का सामना करना पड़ा। इससे टीम को चार मैच में 9 अंक मिले। चीनी ताइपे के खिलाफ टीम ने आक्रामक रुख अपनाया, जिसमें आशीष तानी पूर्ति ने हैट्रिक करके सबसे अच्छा प्रदर्शन किया जबकि गाजी खान , सिद्धार्थ बेन और राहुल यादव ने दो-दो गोल किए। करण गौतम , प्रेमचंद सोय, कप्तान केतन कुशवाहा और वरिंदर सिंह ने भी गोल किए।

महिला टी20 : इंग्लैंड ने जीती सीरीज,कैप्सी और नाइट ने जड़ा अर्धशतक

चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाकर हारी टीम इंडिया हरमनप्रीत ने खेली नाबाद अर्धशतकीय पारी

एजेंसी ▶▶| टॉटन

एलिस कैप्सी की 82 रन की तूफानी पारी और हीथर नाइट की नाबाद 70 रन की सधी पारी की बदौलत इंग्लैंड ने तीसरे और अंतिम महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भारत को 6 विकेट से हराकर श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर 5 विकेट पर 180 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (11) और स्मृति मंधाना (08) के जल्दी आउट होने के बाद भारत की तरफ से कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 40 गेंद पर 7 चौकों की मदद से नाबाद 56 रन की पारी खेली। हरमनप्रीत के अलावा ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा (24 गेंद पर नाबाद 32), यास्तिका भाटिया (18 गेंद पर 32) और जेमिमा रोड्रिग्स (19 गेंद पर 29) ने भी उपयोगी योगदान देकर भारत को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। कैप्सी और नाइट की शानदार पारियों के कारण यह स्कोर पर्याप्त साबित नहीं हुआ तथा इंग्लैंड ने 18.3 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 184 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

कैप्सी और नाइट ने की 137 रन की साझेदारी

अरुंधति रेड्डी और क्रांति गौड़ ने भारत की तरफ से दो-दो विकेट लिए। इन दोनों की शानदार गेंदबाजी से इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और एक समय उसका स्कोर 3 विकेट पर 38 रन था। कैप्सी और नाइट ने यहीं से चौथे विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी की, जिससे इंग्लैंड इस प्रारुप में अपना दूसरा सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने में सफल रहा। भारत को इस हार के बाद महिला टी20 विश्व कप से पहले अपने कमजोर पक्षों में सुधार करने की जरूरत होगी। भारतीय टीम विश्व कप में अपनी पहले मैच में 14 जून को बर्मिंघम में पाकिस्तान का सामना करेगी।

इंग्लैंड ने पावर प्ले गंवाए 3 विकेट

इंग्लैंड ने पावर प्ले के दौरान ही सलामी बल्लेबाज सोफिया डंकली (16), डैनी व्याट-हॉज (05) और एमी जोन्स (02) के विकेट गंवा दिए थे। टीम में वापसी करने वाली तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने इंग्लैंड को शुरुआती झटके देते हुए हॉज और जोन्स को आउट किया। हॉज एक बेहतरीन गेंद पर आउट हुईं, जो अंदर की ओर स्विंग होकर उनके स्टंप्स को झकझोर गई। इसके बाद कैप्सी और नाइट ने बखूबी जिम्मेदारी संभाली। कैप्सी ने अपनी 43 गेंदों की पारी में 9 चौके और 3 छक्के लगाए जबकि नाइट की 42 गेंदों की पारी में 10 चौके शामिल हैं।

सबसे ज्यादा इंटरनेशनल मैच खेलने वाली महिला खिलाड़ी बनीं हरमनप्रीत

हरमनप्रीत कौर ने विश्व कीर्तिमान बनाया है। न्यूजीलैंड की खिलाड़ी सुजी बेट्स को पछाड़कर कौर सबसे ज्यादा इंटरनेशनल मैच खेलने वाली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। इंग्लैड के खिलाफ अंतिम टी20 मैच में जैसे ही कप्तान हरमनप्रीत कौर मैदान पर उतरीं, उन्होंने इतिहास रच दिया। अब वे तीनों फॉर्मेट को मिलकर सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली खिलाड़ी बन चुकी हैं। हरमनप्रीत का ये 368वां मैच था। इससे पहले न्यूजीलैंड की सुजी वेट्स ने 367 मैच खेले थे।

हम विश्व कप के लिए पूरी तरह से तैयार

कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि उनकी टीम महिला टी20 विश्व कप में अपनी अंतिम एकादश को लेकर काफी हद तक स्पष्ट है तथा वह इससे पहले दो अभ्यास मैच का उपयोग कुछ और संयोजन आजमाने तथा राधा यादव और भारती फुलमाली जैसी खिलाड़ियों को अवसर देने के लिए करेगा। हरमनप्रीत ने कहा, 'मेरा मानना है कि हम अपनी अंतिम एकादश को लेकर काफी हद तक स्पष्ट हैं। मुझे लगता है कि हम पूरी तरह से तैयार हैं। विश्व कप से पहले हमें दो अभ्यास मैच खेलने हैं, जिनमें हम अन्य संयोजनों को आजमाने के बारे में सोच सकते हैं।'

नहीं कर पाए डॉट गेंद, विश्व कप में नहीं करेंगे ऐसी गलती : स्मृति

स्मृति मंधाना ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में उनके गेंदबाज पर्याप्त 'डॉट' गेंद नहीं कर पाए जिससे उन्हें 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा।

7 दिन में दूसरी बार प्रज्ञानानंदा ने वर्ल्ड नं-1 कार्लसन को हराया

एजेंसी ▶▶| ओस्लो

भारत के युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने नॉर्वे के दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन के खिलाफ अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में क्लासिकल बाजी में उन्हें दूसरी बार हराया और इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में पहले भारतीय चैंपियन बनने की अपनी दावेदारी को मजबूत किया। विश्व चैंपियन डी गुकेश की खिताब जीतने की उम्मीदें आठवें दौर में फ्रांसीसी ग्रैंडमास्टर अलीरेज़ा फ़िरोजा से एक और करारी हार के बाद खत्म हो गईं। वह 8 अंकों के साथ तालिका में सबसे निचले पायदान पर आ गए हैं। इस तरह से गुकेश का 2024 में विश्व चैंपियन बनने के बाद खराब प्रदर्शन जारी है।

12 अंक के साथ तीसरे स्थान पर प्रज्ञानानंद

प्रज्ञानानंदा इस वर्ष क्लासिकल बाजी में कार्लसन को दो बार हराने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इस एलीट डबल राउंड-रॉबिन प्रतियोगिता में उन्होंने पहले भी कार्लसन को क्लासिकल बाजी में हराया था। इस जीत से 20 वर्षीय प्रज्ञानानंदा के 12 अंक हो गए और वह तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। दूसरी तरफ इस हार से कार्लसन की आठवीं बार नॉर्वे शतरंज खिताब जीतने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है।

क्लासिकल बाजी में हारी दिव्या

महिला वर्ग में कजाकिस्तान की बिबिसारा असाउबायेवा ने दिव्या देशमुख को क्लासिकल बाजी में हराकर खिताब की दौड़ में अपनी पकड़ मजबूत कर ली। चीन की झू जिनर ने भी क्लासिकल में जीत हासिल की। उन्होंने मौजूदा महिला विश्व चैंपियन जू वेनजुन को हराकर 10 अंक के साथ दिव्या की बराबरी कर ली। मौजूदा चैंपियन अन्ना मुजिचुक और कोनेरू हम्पी ने अपना क्लासिकल गेम ड्रॉ किया। इसके बाद आर्मागेडन टाईब्रेक भी ड्रॉ रहने से हम्पी को बोनस अंक मिल गया क्योंकि वह काले मोहरों से खेल रही थी।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

इंजीनियरिंग कार्य हेतु ई-निविदा सूचना

क्र.संख्या (1) ई-निविदा संख्या: डीआरएम - इंजी.-बीएसपी-टी-68-26-27, दिनांक: 27.05.2026.
कार्य: 30.06.2027 को समाप्ति अवधि के लिये सहायक मंडल अभियंता/मनेन्द्रगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत दर्रीटोला (ईन) से अम्बिकापुर (ईन) तक सिविल जोनल कार्यो का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** ₹1,62,48,835.07. **अमानत राशि:** ₹3,25,000/-. **कार्य पूर्णता की अवधि:** 30.06.2027 तक।

क्र.संख्या (2) ई-निविदा संख्या: डीआरएम - इंजी.-बीएसपी-टी-69-26-27, दिनांक: 27.05.2026.
कार्य: 30.06.2027 को समाप्ति अवधि के लिये सहायक मंडल अभियंता/मनेन्द्रगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत अनूपपुर (एक्स) से बोरीडांड (एक्स) तक सिविल जोनल कार्यो का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** ₹1,29,47,854.49. **अमानत राशि:** ₹2,59,000/-. **कार्य पूर्णता की अवधि:** 30.06.2027 तक।

क्र.संख्या (3) ई-निविदा संख्या: डीआरएम - इंजी.-बीएसपी-टी-70-26-27, दिनांक: 27.05.2026.
कार्य: 30.06.2027 को समाप्ति अवधि के लिये सहायक मंडल अभियंता/मनेन्द्रगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत बोरीडांड (ईन) से दर्रीटोला (एक्स) एवं बोरीडांड (ईन) से चिरीमिरी (ईन) तक सिविल जोनल कार्यो का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** ₹1,72,81,968.80. **अमानत राशि:** ₹3,45,600/-. **कार्य पूर्णता की अवधि:** 30.06.2027 तक।

क्र.संख्या (4) ई-निविदा संख्या: डीआरएम - इंजी.-बीएसपी-टी-71-26-27, दिनांक: 27.05.2026.
कार्य: 30.06.2027 को समाप्ति अवधि के लिये सहायक मंडल अभियंता/उमारिया के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत बिरसिंगपुर (इन) से उमरिया (एक्स) तक तथा बांधवगढ़ ओ.आर.एच. के साथ सिविल जोनल कार्यो का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** ₹1,09,25,271.79. **अमानत राशि:** ₹2,18,500/-. **कार्य पूर्णता की अवधि:** 30.06.2027 तक।

क्र.संख्या (5) ई-निविदा संख्या: डीआरएम - इंजी.-बीएसपी-टी-72-26-27, दिनांक: 27.05.2026.
कार्य: 30.06.2027 को समाप्ति अवधि के लिये सहायक मंडल अभियंता/उमारिया के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत उमरिया (इन) से कटनी (केटीई और केएमजेड में एसईसीआर परिसंपतियों के लिए) तक सिविल जोनल कार्यो का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** ₹1,08,71,642.84. **अमानत राशि:** ₹2,17,400/-. **कार्य पूर्णता की अवधि:** 30.06.2027 तक।

क्र.संख्या (6) ई-निविदा संख्या: डीआरएम - इंजी.-बीएसपी-टी-73-26-27, दिनांक: 27.05.2026.
कार्य: 30.06.2027 को समाप्ति अवधि के लिये सहायक मंडल अभियंता/शहडोल के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत अनूपपुर (इन) से बुरहार (इन) तक सिविल जोनल कार्यो का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** ₹1,17,98,141.15. **अमानत राशि:** ₹2,36,000/-. **कार्य पूर्णता की अवधि:** 30.06.2027 तक।

क्र.संख्या (7) ई-निविदा संख्या: डीआरएम - इंजी.-बीएसपी-टी-74-26-27, दिनांक: 27.05.2026.
कार्य: 30.06.2027 को समाप्ति अवधि के लिये सहायक मंडल अभियंता/शहडोल के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत बुरहार (एक्स) से बिरसिंगपुर (एक्स) तक सिविल जोनल कार्यो का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** ₹1,26,65,635.43. **अमानत राशि:** ₹2,53,300/-. **कार्य पूर्णता की अवधि:** 30.06.2027 तक।

क्र.संख्या (8) ई-निविदा संख्या: डीआरएम - इंजी.-बीएसपी-टी-75-26-27, दिनांक: 27.05.2026.
कार्य: 30.06.2027 को समाप्ति अवधि के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/उत्तर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सड़क मरम्मत के लिए जोनल कार्यो का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** ₹1,02,76,450/-. **अमानत राशि:** ₹2,05,500/-. **कार्य पूर्णता की अवधि:** 30.06.2027 तक।

निविदा जमा करने की आरंभ तिथि: 05.06.2026 से। **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि: 19.06.2026 के 11.00** बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी वेबसाइट **https://www.lreps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य निविदा स्वीकार नही की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक(अभियंता)/सीपीआर/10/160 द.पू.म.रे., बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

फ्रेंच ओपन

6 साल में 5वीं बार रोलैंड गैरोस के सेमीफाइनल में पहुंचे ज्वेरेव

एजेंसी ▶▶| पेरिस

दूसरे वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने युवा खिलाड़ी राफेल जोडर पर 7-6 (3) 6-1 6-3 से शानदार जीत दर्ज करते हुए फ्रेंच ओपन में अपनी उम्मीदें जिंदा रखीं। इसी के साथ वह 6 साल में पांचवीं बार रोलैंड गैरोस के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं।

ज्वेरेव को कोर्ट पर पहले सेट में 19 वर्षीय स्पेनिश खिलाड़ी जोडर ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन 29 साल के ज्वेरेव बिल्कुल भी विचलित नहीं हुए। उन्होंने 2-5 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए 2 घंटे 17 मिनट में जीत हासिल की।

बहुत ज्यादा डिफेंसिव खेल रहा था : ज्वेरेव

मैच के बाद ज्वेरेव ने कहा, यह काफी मुश्किल था। पहले सेट में वह लय में थे। मैं बहुत पीछे था और बहुत ज्यादा डिफेंसिव खेल रहा था। गेंद उतनी ऊंची नहीं उछल रही थी।

6 साल बाद न्यूजीलैंड जाएगी टीम इंडिया खेलेंगी 5 टी20, 5 वनडे और 2 टेस्ट मैच

के बाद पहली बार न्यूजीलैंड में टेस्ट श्रृंखला खेलेगा। तब से न्यूजीलैंड ने भारत का दो बार दौरा किया है, जिसमें उनका 2024-25 का ऐतिहासिक दौरा भी शामिल है, जब उसने टेस्ट श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया था।

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

भारत 22 अक्टूबर से 1 दिसंबर तक न्यूजीलैंड का दौरा करेगा, जहां वह 2 टेस्ट, 5 एकदिवसीय और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। इस तरह से यह न्यूजीलैंड में भारत की अब तक की सबसे बड़ी पुरुष द्विपक्षीय क्रिकेट श्रृंखला होगी। यह पहला अवसर होगा जबकि कोई टीम न्यूजीलैंड में तीनों प्रारुप में कुल मिलाकर 12 मैच खेलेगी।

यह श्रृंखला दोनों देशों के बीच खेल संबंधों के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में खेली जाएगी। इस 40 दिवसीय दौरे की शुरुआत 22 अक्टूबर को क्राइस्टचर्च में टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से होगी। टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के बाद एकदिवसीय श्रृंखला होगी, जिसका पहला मैच 4 नवंबर को ऑकलैंड के ईडन पार्क में खेला जाएगा।

टेस्ट श्रृंखला की शुरुआत 19 नवंबर से वेलिंगटन में

टेस्ट श्रृंखला की शुरुआत 19 नवंबर से वेलिंगटन के सेलो बेसिन रिजर्व में होगी। दूसरा और अंतिम टेस्ट मैच क्राइस्टचर्च के हैगली ओवल में 27 नवंबर से एक दिसंबर तक खेला जाएगा। भारत 2019-20

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

ओवरहॉलिंग (पी.ओ.एच.) कार्य हेतु निविदा सूचना

क्र.सं (1) निविदा सं.: एसईसीआर–टीएम पीओएच–टी 28–2026–04. दिनांक 01.06.2026
कार्य का नाम: एस.ई.सी.आर. में टी–28 पोर्टल (01 एवं 02) तथा (09 एवं 10) का आवधिक सह मेजर ओवरहॉलिंग (पी.ओ.एच.)।
निविदा मूल्य : ₹ 79,29,694.40/-
निविदा बंद होने की तिथि और समय : 22.06.2026 को 15.00 बजे।
क्र.सं (2) निविदा सं. : एसईसीआर एचक्यूईएनजीजीटीएम–टीयू–262702
कार्य का नाम: सी एस एम/ड्यूओ, यूनी–4 एस, यूनी–3 एस, 09–3 एक्स / एच ओ टी –3 एक्स और एमपीटी ट्रैक मशीनों की टैपिंग इकाइयों की ओवरहौलिंग ।
निविदा मूल्य : ₹ 12,52,73,238.89/-
निविदा बंद होने की तिथि और समय : 29.06.2026 को 15.00 बजे।
निविदा सूचना और निविदा दस्तावेजों की पूरी जानकारी के लिए निविदाकर्ता **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर लॉगइन कर सकते हैं। ईनिविदा के विरुद्ध मैन्युअल निविदाएं पर विचार नहीं किया जाएगा।

कार्यपालन इंजीनियर/टी.एम./मुख्या. सीपीआर/10/163 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड
नवरत्न कम्पनी
(भारत सरकार का उपक्रम)
वेबसाइट : www.ircon.org, CIN - L45203DL1976GOI008171

ई-निपटान सूचना

ई–निविदा सूचना सं. : इरकॉन/मेक/पी एण्ड ई/निपटान/यूनिमैट/766
इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड की ओर से योग्यता प्राप्त बोलीदाताओं से "जैसा है जहाँ है आधार पर खरसिया–धरमजयगढ़ खण्ड में घरघोड़ा में स्थित 01 ट्रैक टैम्पिंग मशीन यूनिमैट-8255 (मेक–प्लासर इंडिया) की बिक्री" के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई–निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समय	24.06.2026 को 15.00 बजे तक

अधिक जानकारी के लिए, वेबसाइट https://etenders.gov.in/eprocure/app पर देखें। शुद्धि पत्र, यदि कोई होगा तो, केवल वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।
कार्यकारी निदेशक/परियोजना
इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड, सी–4, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, साकेत, नई दिल्ली–110017

रांची मंडल में ट्रेनों के एसएलआर हेतु ई-नीलामी

अधिसूचना संख्या : सी/आरएनसी/ई-ऑक्शन/2026 **दिनांक: 02.06.2026**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा रांची मंडल में ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। कैटलॉग को पहले ही आईआरईपीएस वेबसाइट पर प्रकाशित किया जा चुका है। विवरण निम्नानुसार हैं: **श्रेणी :** पार्सल। **कैटलॉग संख्या :** आरएनसीपार्सल।।। **परिसंपत्ति का विवरण :** रांची मंडल से यात्रा शुरू करने वाली 32 अदद पैसेंजर/मेल/एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा एसएलआर कम्पार्टमेंट के पट्टे के लिए 41 अदद परिसम्पत्तियों के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू :** 15.06.2026 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख :** 15.06.2026 को अपराह्न 5.10 बजे। **द्रष्टव्य:** संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट **(www.ireps.gov.in)** पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। ऊपर उल्लिखित कैटलॉग के अधीन लॉट वार विवरण उपलब्ध हैं।

(PR-267) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रांची**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

फॉर्म सं. 4
(नियम 5 के उप नियम (2ए) देखें)
अधिनियम की उपधारा 19 के तहत् समन, ऋण वसूली न्यायधिकरण (प्रक्रिया) नियम, 1993 के नियम 5 के उपनियम (2ए) के साथ पढ़ा जाए।

ऋण वसूली न्यायधिकरण, जबलपुर

द्वितीय एवं तृतीय तल संचार विकास भवन, (बी.एस.एन.एल. बिल्डिंग) पोस्ट आफिस के पास, रेसिडेन्सी रोड, जबलपुर मध्यप्रदेष 482001

केस संख्या ओए संख्या 744/2025

सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया .....आवेदक
बनाम
मेसर्स तुलसी होंडा एजेंसी और अन्य ...बचाव पक्ष

1. मेसर्स तुलसी होंडा एजेंसी,
द्वारा इसके प्रोपराइटर श्री राकेश साहू निवासी- ग्राम- पहरिया, तहसील- बलोदा, जांजगीर, जिला- जांजगीर-चांपा, (छ.ग.)
2. श्री राकेश कुमार साहू
पिता श्री. गोकरणलाल साहू, निवासी- ग्राम- पहरिया, तहसील- बलोदा, जांजगीर, जिला- जांजगीर-चांपा, (छ.ग.)
3. श्री गोकरणलाल साहू
पिता श्री. बसुराम साहू निवासी- ग्राम- खैजा, तहसील- बलोदा, जांजगीर, जिला- जांजगीर-चांपा, (छ.ग.)

जबकि, ओ.ए. संख्या 744/25 को माननीय पीठासीन अधिकारी के समक्ष सूचीबद्ध की गई थी 14/07/2025
जबकि माननीय न्यायधिकरण से निवेदन है कि अधिनियम की धारा 19(4) के अंतर्गत आपके विरुद्ध दायर उक्त आवेदन (ओए) पर **Rs. 39,33,395.00/-** रूपये के ऋण की वसूली हेतु व्यय एवं भविश्य के व्याज सहित समन / सूचना जारी की जाए। अधिनियम की धारा 19 की उपधारा (4) के अनुसार, आप प्रतिवादियों को निम्नलिखित निर्देष दिएं जाते है।
1. समन की तामील के तीस दिनों के भीतर बताऐ कि मांगी गई राहत क्यों नही दी जानी चाहिए। **2.** मूल आवेदन के क्रमांक 3ए के अंतर्गत आवेदक द्वारा निर्दिश्ट संपत्तियों और परिसंपत्तियों के अतिरिक्त अन्य संपत्तियों या परिसंपत्तियों का विवरण प्रकट करना। **3.** आपको मूल आवेदन के 3ए के तहत प्रकट की गई सुरक्षित संपत्तियों या ऐसी अन्य संपत्तियों और संपत्तियों के निपटान से रोका जाता है जब तक कि संपत्तियों की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई और निपटान नहीं हो जाता, **4.** बिक्री पट्टे या अन्यथा के माध्यम से अपने व्यवसाय के सामान्य क्रम को छोड़कर उन संपत्तियों में से किसी को भी हस्तांतरित नहीं करेगें जिन पर सुरक्षा हित बनाया गया है और/या अन्य संपत्तियां और संपत्तियां मूल आवेदन के क्रमांक 3ए के तहत् निर्दिश्ट या प्रकट की गई न्यायधिकरण की पूर्व स्वीकृति के बिना: **5.** आप व्यवसाय के सामान्य क्रम में सुरक्षित परिसंपत्तियों या अन्य संपत्तियों या परिसंपत्तियों और संपत्तियों की बिक्री से प्राप्त विक्रय आय का हिसाब देने और ऐसी परिसंपत्तियों और सुरक्षा हित रखने वाले बैंक या बित्तीय संस्थानों के पास रखे गये खाते में ऐसी विक्रय आप जमा करने के लिए उत्तरदायी होगें। आपको लिखित बयान की एक प्रति भी दी जाती है जो आवेदक को उपलब्ध कराई गई है और आपको दिनांक **07/10/2026** को 10:30 बजे उपस्थित होना है। अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में आवेदन पर रजिस्ट्रार के समक्ष सुनवाई की जाऐगी।
इस पर मेरे हस्ताक्षर और न्यायधिकरण की मुहर के तहत यह दिया जाता है। दिनांक **27/05/2026**
न्यायधिकरण के आदेश से।

रजिस्ट्रार
मुहर ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर

धरती पर मौजूद है हूबहू मंगल ग्रह जैसी रहस्यमयी जगह, शून्य से नीचे रहता है तापमान

वॉशिंगटन। ब्रह्मांड के रहस्यों को सुलझाने और मंगल ग्रह पर इंसानी बस्ती बसाने के लिए वैज्ञानिक सालों से शोध कर रहे है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि हमारी धरती पर ही एक ऐसी रहस्यमयी जगह मौजूद है, जो हूबहू मंगल ग्रह जैसी दिखाई देती है? कनाडा के आर्कटिक द्वीप समूह का हिस्सा और बाफिन खाड़ी में स्थित 'डेवोन आइलैंड' को दुनिया का सबसे बड़ा निर्जन द्वीप माना जाता है, जहां कोई इंसान नहीं रहता है। इस द्वीप पर जीवन की परिस्थितियां इतनी कठिन हैं कि यहां पैर रखते ही ऐसा महसूस होता है मानो आप पृथ्वी छोड़कर किसी दूसरे ग्रह पर आ गए हों। यही कारण है कि यह बंजर और अत्यधिक ठंडा द्वीप अंतरिक्ष वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण प्रयोगशाला बन चुका है।

नासा भी कर रहा रिसर्च!

हॉटन मार्स प्रोजेक्ट

साल 2001 से यह आइलैंड एक इंटरनेशनल रिसर्च प्रोजेक्ट का केंद्र बना हुआ है, जिसे 'हॉटन मार्स प्रोजेक्ट' कहा जाता है। इससे जुड़े पोस्ट वायरल हो रहे है। वायरल पोस्ट के मुताबिक, नासा के वैज्ञानिक और दुनिया भर के शोधकर्ता यहां आकर यह अध्ययन करते हैं कि भविष्य में अंतरिक्ष यात्री मंगल ग्रह जैसे प्रतिकूल वातावरण में कैसे जीवित रहेंगे और काम करेंगे। नासा के अनुसार, डेवोन आइलैंड का अकेलापन, बेहद कम तापमान, सुदूर भौगोलिक स्थिति और सीमित संचार व्यवस्था अंतरिक्ष यात्रियों को लंबी दूरी की अंतरिक्ष उड़ानों के दौरान आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार करती है। इस प्रोजेक्ट का मुख्य केंद्र फ्लैशलाइन मार्स आर्कटिक रिसर्च स्टेशन है, जो हॉटन इम्पैक्ट क्रेटर के ठीक पास एक पहाड़ी पर स्थित है।

डेवोन आइलैंड की भौगोलिक स्थिति और जलवायु इसे इंसानों के रहने के लिए पूरी तरह अयोग्य बनाती है। यहां की जमीन साल के लगभग बारह महीने बर्फ से जमी रहती है। इस आइलैंड का पूर्वी छोर का एक-तिहाई हिस्सा स्थायी रूप से 500 से 700 मीटर मोटी बर्फ की चादर से ढका हुआ है। पूरे साल में केवल गर्मियों के दौरान मात्र 45 से 50 दिनों के लिए ही यहां से बर्फ हटती है, जब तापमान मुश्किल से 8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच पाता है। यहां का औसत वार्षिक तापमान शून्य से नीचे यानी -16 डिग्री सेल्सियस रहता है। अत्यधिक ठंड और पथरीली बंजर जमीन के कारण यहां वनस्पतियों और जीवों का नामोनिशान न के बराबर है, जो इसे बिल्कुल मंगल ग्रह जैसा रेगिस्तानी माहौल देता है।

एक हिस्से में जीवन की थोड़ी झलक

यह विशाल क्रेटर करीब 3.9 करोड़ साल पहले एक बड़े उल्कापिंड के पृथ्वी से टकराने के कारण बना था, जिसकी चौड़ाई 23 किलोमीटर है। यह टक्कर इतनी भीषण थी कि जमीन के 1.7 किलोमीटर नीचे की चट्टानें सतह पर आ गई थीं। इस क्रेटर की भूगर्भीय संरचनाएं आज भी वैसी ही हैं ,जैसी मंगल ग्रह के गड्ढों की होती है। हालांकि, इस ठंडे द्वीप के एक हिस्से में जीवन की थोड़ी झलक भी देखने को मिलती है। गर्मियों के 50 दिनों में यहां जमी बर्फ पिघलती है, जिससे उगने वाली काई को खाकर मस्क-ऑक्सिन (एक प्रकार का जंगली मवेशी) पूरे साल जीवित रहते है। यहां की गीली मिट्टी में कुछ कीड़े-मकोड़े और पक्षियों की आबादी भी पाई जाती है।

रोचक खबरें

इंसानों ने नहीं, बल्कि चिम्पैंजी ने सिखाया है दोस्ती निभाना!

एम्स्टर्डम। हम और आप अपनी जिंदगी में दोस्ती का दायरा कैसे तय करते हैं? हमारे पास कुछ ऐसे बेहद करीबी दोस्त होते हैं, जिन पर हम आंख बंद करके भरोसा करते हैं। फिर कुछ ऐसे दोस्त आते हैं, जिनसे हम कभी-कभार बात करते हैं और आखिर में वो लोग आते हैं, जिन्हें हम सिर्फ दूर से 'हाय-हेलो' करते हैं। लेकिन, क्या आपने कभी सोचा है कि इंसानों में दोस्ती की यह लेयर या 'फ्रेंड सर्कल' बनाने की आदत कहाँ से आई? वैज्ञानिकों ने एक बेहद चौंकाने वाला खुलासा किया है। एक नई रिसर्च के मुताबिक, इंसानों ने दोस्तों का यह ताना-बाना बुनने की कला खुद नहीं खोजी, बल्कि यह आदत हमें लाखों साल पहले हमारे पूर्वजों यानी चिम्पैंजी और बोनोबो बंदरों से विरासत में मिली है। यूट्रेक्ट यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिडाड कार्लोस 3 डी मैड्रिड के वैज्ञानिकों ने चिम्पैंजी और बोनोबो प्रजाति के 24 अलग-अलग ग्रुप्स का गहरा अध्ययन किया है। इस स्टडी में वैज्ञानिकों ने बंदरों के सबसे खास सामाजिक व्यवहार 'ग्रूमिंग' (एक-दूसरे के बालों से जुएं निकालना और साफ-सफाई करना) पर फोकस किया. जब ये जीव एक-दूसरे के बाल संवारते हैं, तो यह सिर्फ सफाई नहीं होती, बल्कि वे एक-दूसरे पर अपना समय और भरोसा निवेश कर रहे होते हैं। यही व्यवहार यह तय करता है कि उनके ग्रुप में कौन किसके लिए कितना खास है।

वैज्ञानिकों के इस नए खुलासे से दुनिया हैरान

खून जैसा लाल पानी, क्या है ब्लड फॉल्स का रहस्य

केनबरा। अंटार्कटिका धरती का वो हिस्सा है जो कि बर्फ की सफेद चादर से फैला हुआ है। अंटार्कटिका में दूर-दूर तक बर्फ के ग्लेशियर्स फैले हैं। क्या आप जानते हैं अंटार्कटिका में टेलर ग्लेशियर से एक झरना बहता है, जिसमें खून की तरह लाल पानी बहता है। बर्फ की सफेद वादियों के बीच लाल पानी को ब्लड फॉल्स कहते हैं। साल 1911 में ऑस्ट्रेलियाई भूवैज्ञानिक ग्रिफिथ टेलर ने इस झरने की खोज की थी। उनके ही नाम पर इस ग्लेशियर का नाम टेलर ग्लेशियर रखा गया है। उन्होंने पहली बार बर्फ के पहाड़ से लाल रंग का पानी गिरते देखा, वह ये सब देखकर हैरान हो गए। इस समय इतनी तकनीक नहीं थी इसलिए पहले अनुमान लगया गया है कि यह लाल पानी बर्फ के नीचे किसी तरह के खास रेड एल्गा की वजह से लेकिन ये थ्योरी बिल्कुल गलत निकली। जैसे-जैसे विज्ञान आगे बढ़ गया, वैज्ञानिकों ने इस झरने के पानी के सैंपल लिए और जांच शुरू की। रिसर्च में जो सामने आया है जो कि बेहद हैरान करने वाला है। इस ग्लेशियर के नीचे 1300 फीट के नीचे प्राचीन नमक की झील दबी हुई थी। यह झील लगभग 15 से 20 साल पुरानी है। समय के सात टेलर ग्लेशियर का साइज बढ़ गया है। बर्फ ने पूरी झील को कवर कर लिया। ऑक्सीजन और रोशनी की वजह से इस झरने का पानी खारा हो गया. इसी वजह से इतनी ठंड होने के बाद भी यहां का पानी जमता नहीं है। इस झरने में आयरन की मात्रा भी काफी ज्यादा है। बर्फ के नीचे नमक की झील है तो पानी लाल कैसे होता है। जब बहुत ज्यादा आयरन और नमक पानी ग्लेशियर की दरारों से होता हुआ बाहर निकलता है तो ऑक्सीजन के संपर्क में आता है। पानी में मौजूद आयरन ऑक्सीजन से मिलता है। इस दौरान केमिकल रिएक्शन होता है।

कैमरा ऐसा कि जमीन की एक-एक चीज दिखेगी साफ!

भारत और साउथ कोरिया मिलकर बना रहे सैटेलाइट

नई दिल्ली। भारतीय स्टार्टअप कंपनी बेलैट्रिक्स एयरोस्पेस ने दक्षिण कोरिया की स्पेस टेक्नोलॉजी फर्म टेलीपिक्स के साथ एक बड़ा हाथ मिलाया है। दोनों कंपनियों ने दक्षिण कोरिया के डेजॉन शहर में एक एमओयू पर साइन किया है। अब दोनों कंपनियां मिलकर एक नेक्स्ट-जेनरेशन वेरी लो अर्थ ऑर्बिट सैटेलाइट तैयार करेंगी। यह सैटेलाइट पृथ्वी की बहुत ही साफ और अल्ट्रा-हाई-रिजॉल्यूशन इमेज क्लिक कर सकेगी। दोनों देशों के बीच इस पार्टनरशिप का मुख्य उद्देश्य डिफेंस, आपदा प्रबंधन और पर्यावरण की निगरानी को और मजबूत करना है। इस मिशन को साल 2028 तक लॉन्च करने का लक्ष्य तय किया गया है।

क्या होता है वेरी लो अर्थ ऑर्बिट सैटेलाइट और इसके फायदे?

अब आपके मन में यह सवाल जरूर आ रहा होगा कि आखिर ये वेरी लो अर्थ ऑर्बिट सैटेलाइट क्या होते हैं। तो इसका जवाब है कि लियो जो होता है, वह काफी ऊंचाई पर काम करते हैं, लेकिन वेरी लो अर्थ ऑर्बिट सैटेलाइट पृथ्वी की सतह से महज 150 से 250 किलोमीटर की ऊंचाई पर उड़ान भरेगा। धरती से बहुत पास होने के कारण से यह सैटेलाइट बाकी सैटेलाइट्स के मुकाबले कहीं ज्यादा साफ, सटीक और डिटेल तस्वीरें कैप्चर कर सकेगा।



क्या होगा फायदा

इस प्रोजेक्ट के सफल हो जाने पर भारत को बड़ा फायदा होगा। एक तरफ पड़ोसी मुल्की चीन और पाकिस्तान पर बड़े स्तर पर निगरानी हो सकेगी, तो वहीं मौसम का और सटीक अंदाजा मिल सकेगा।

आसान नहीं है काम

इतनी कम ऊंचाई पर किसी सैटेलाइट का उड़ना आसान नहीं होता है। इतनी कम ऊंचाई पर हवा का खिंचाव सबसे बड़ी समस्या होता है, जो सैटेलाइट को नीचे खींचता है। बेलाट्रिक्स की प्रोपल्शन तकनीक इसी खिंचाव को मात देकर सैटेलाइट को लंबे समय तक अंतरिक्ष में बनाए रखेगी।

एआई से लैस होगा कैमरा

इसका वाइड-स्वाथ ऑप्टिकल इमेजिंग सिस्टम फिलहाल काम कर रहे दूसरे सैटेलाइट्स की तुलना में दोगुने से ज्यादा इलाके पर नजर बनाए रख सकता है। साथ ही, तस्वीरों की क्वालिटी को और शानदार बनाने के लिए इसमें एआई बेस्ड इमेज-प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा।

हवा से ही फ्यूल बनाएगा यह सैटेलाइट

इस प्रोजेक्ट में दोनों कंपनियों की सबसे बेहतरीन तकनीक का इस्तेमाल करेंगी। भारत की बेलैट्रिक्स एयरोस्पेस कंपनी इस सैटेलाइट के लिए सैटेलाइट बस और अपना खास एयर-ब्रीदिंग इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन सिस्टम देगी. यह प्रोपल्शन सिस्टम भारी-भरकम ईंधन ले जाने के बजाय ऊपरी वायुमंडल से ही ऑक्सीजन और नाइट्रोजन के कणों को लेकर, उन्हें कंप्रेस करता है और फिर सोलर पैनल की बिजली से चार्ज करके थ्रस्ट यानी रफ्तार पैदा करता है। वहीं साउथ कोरिया की कंपनी टेलीपिक्स इसमें अपना हाई-रिजॉल्यूशन ऑप्टिकल इमेजिंग पेलोड सीएचओयूईटीटीई लगाएगी और सिस्टम इंटीग्रेशन में मदद करेगी।

चीन का वो रहस्यमयी किला! जहां 500 साल तक राजा के अलावा किसी को जाने की नहीं थी इजाजत

बीजिंग। जब भी हम चीन के इतिहास या वास्तुकला की बात करते हैं, तो हमारे दिमाग में सबसे पहले चीन की विशाल दीवार का नाम आता है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि चीन के सीने में एक ऐसा रहस्यमयी और प्राचीन शहर भी दफन है, जिसके बारे में सुनकर दुनिया दंग रह गई है। एक ऐसा शहर जिसकी ऊंची-ऊंची दीवारों के पीछे पिछले 500 सालों से आम इंसानों के जाने पर सख्त पाबंदी थी। जी हां, पांच सदियों तक इस शहर के दरवाजे आम जनता के लिए पूरी तरह बंद रहे और यहां सिर्फ चुनिंदा शासकों या सैन्य अधिकारियों को ही जाने की अनुमति थी। इतिहास के पन्नों में छिपे इस 'वॉल-सिटी' के दरवाजे अब दुनिया के सामने खुल चुके हैं और इसकी अनसुनी दास्तान हर किसी के रोंगटे खड़े कर रही है।

अब खुला बड़ा राज

अब पर्यटकों के लिए क्यों खोला गया

लंबे समय तक रहस्य के पर्दे में रहने के बाद, अब सरकार ने इस ऐतिहासिक धरोहर को दुनिया के सामने लाने का फैसला किया है। इस प्राचीन दीवार वाले शहर को अब एक प्रमुख सांस्कृतिक और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। पुरातत्वविदों और इतिहासकारों का मानना है कि इस शहर को देखने के बाद लोग चीन के प्राचीन सैन्य कौशल और उनकी बेजोड़ वास्तुकला को बेहद करीब से समझ सकेंगे। अब यहां हर देश के पर्यटक आ सकते हैं। चीन के इस प्राचीन शहर का निर्माण लगभग 500 साल पहले मिंग राजवंश के शासनकाल के दौरान किया गया था। इसे एक बेहद मजबूत सैन्य किले के रूप में स्थापित किया गया था।

500 साल तक क्यों बंद रहे दरवाजे

इस शहर के भीतर आम लोगों के प्रवेश पर पाबंदी लगाने के पीछे विशुद्ध रूप से सैन्य और सुरक्षा कारण थे। राजाओं का मानना था कि यदि आम जनता को इस रणनीतिक केंद्र में आने-जाने की अनुमति दी गई, तो शहर के गुप्त नक्शे और सैन्य ताकत की जानकारी दुश्मनों तक पहुंच सकती है। इसके अलावा, इस शहर के भीतर शाही खजाने और महत्वपूर्ण हथियारों का जखीरा भी रखा जाता था। यही वजह थी कि पांच सदियों तक आम इंसान इस शहर के भीतर कदम रखने की कल्पना भी नहीं कर सकता था।

क्या खास देखने को मिलेगा यहां

अगर आप इस शहर के भीतर कदम रखते हैं, तो आपको ऐसा लगेगा जैसे आप टाइम मशीन में बैठकर 500 साल पीछे चले गए हैं। यहां की तंग गलियां, प्राचीन पत्थर के घर, सैनिकों के रहने के ठिकाने और मिंग काल के मंदिर आज भी अपनी मूल स्थिति में मौजूद हैं। इसके अलावा, इसकी विशाल प्राचीर (दीवार) पर चढ़कर पूरे इलाके का नजारा देखना अपने आप में एक जादुई और कभी न भूलने वाला अनुभव है। इतिहास के प्रेमियों के लिए यह जगह किसी जन्नत से कम नहीं है।

चोट एवं जलने के बाद घाव की प्लास्टिक सर्जरी
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

दूध, किशमिश और बादाम खाकर दौड़ता है 'राजधानी एक्सप्रेस'

पटना। पटना के कृष्णा नगर स्थित चकारन गांव का एक घोड़ा इन दिनों लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। 'राजधानी एक्सप्रेस' नाम का यह घोड़ा अपनी शानदार रफ्तार, दमदार नस्ल और लगातार जीत के कारण चर्चा में है। पाकिस्तान की सिंध नस्ल के इस घोड़े ने कम उम्र में ही करीब 20 रेस जीतकर अपनी अलग पहचान बना ली है। इसकी फिटनेस बनाए रखने के लिए रोजाना दूध, काजू, बादाम और किशमिश जैसी

पौष्टिक चीजें खिलाई जाती हैं, जबकि इसकी देखभाल के लिए चार लोगों की टीम तैनात रहती है। यही वजह है कि 30 लाख रुपए तक का ऑफर मिलने के बावजूद इसके मालिक बिट्टू यादव इसे बेचने को तैयार नहीं हैं। पटना के कृष्णा नगर स्थित चकारन गांव में रहने वाले बिट्टू यादव इन दिनों अपने खास घोड़े "राजधानी एक्सप्रेस" की वजह से लोगों के बीच चर्चा में है। घोड़ों के शौकीनों के लिए यह घोड़ा किसी आकर्षण से कम नहीं है। इसकी सबसे बड़ी खासियत इसकी नस्ल है। बिट्टू यादव बताते हैं कि यह पाकिस्तान के सिंध नस्ल का घोड़ा है, जिसे घोड़ों की दुनिया में बेहद ताकतवर, फुर्तीला और रेसिंग के लिए शानदार माना जाता है।

20 रेस जीत चुका

गांव के लोग बताते हैं कि जब यह दौड़ता है तो इसकी गति देखने लायक होती है। घोड़ा अभी किशोर अवस्था में है, यानी पूरी तरह जवान भी नहीं हुआ है, लेकिन इसके बावजूद यह अब तक करीब 20 रेस जीत चुका है। स्थानीय स्तर से लेकर कई बड़े आयोजनों में इसने अपनी तेज चाल और शानदार प्रदर्शन से लोगों को प्रभावित किया है। घोड़े की जीत के बाद मालिक बिट्टू यादव का नाम भी घोड़ा प्रेमियों के बीच तेजी से चर्चित हुआ है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com